15.15 hours (Dr. Ratna De (Nag) *in the Chair*)

As far as Kerala is concerned, there were eleven rivers earlier and now the number of rivers has reduced. I do not know the reason. I would like to know whether it was the suggestion of the State Government or whether it is the suggestion made by the Expert Committee from here. That also has to be explained by the Minister. If he could develop Inland Waterways in a better way, it would assist the transport facilities and also stimulate the economy to some extent. The back water tourism as well as sea-shore tourism can be developed which would give more employment and more income.

I would like to say a few words about the existing waterways in the State of Kerala. With regard to the Kollam-Kottapuram Stretch, I have said that though it was commissioned earlier, yet it is not fully utilised. The State Government needs financial assistance for the fulfilment of this Stretch. In this Bill, the hon. Minister has given a new suggestion that Kollam-Kottapuram has to be extended to Kozhikode. I fully agree with him. At the same time, it would be better if it is extended from Kollam-Kozhikode to Kasargod because the State Government has an idea to have a navigation process from the South to the North. There is

sufficient infrastructure facility. I would suggest to the hon. Minister that this Kollam-Kozhikode has to be extended to Kasargod. I think, my learned friend Shri Premachandran has already given an amendment with regard to this.

With these words, I would once again congratulate the hon. Minister and would request him to look into other aspects also.

SHRI MEKAPATI RAJA MOHAN REDDY (NELLORE): Madam Chairperson, I thank you for giving me this opportunity to speak on this very important subject of national waterways. This is a very good move by the Government of India. I wholeheartedly support and congratulate the Government of India and the hon. Minister Shri Gadkariji.

This is very cost effective, fuel efficient, accident free and eco-friendly also. There are already five National Waterways. Among the five, the Kakinada-Puducherry Stretch is the fourth National Waterway. This is really going to be a life-line to the residuary Andhra Pradesh covering 60 per cent of Andhra Pradesh as well as Tamil Nadu and Puducherry.

This would enable us to transport the material like coal, rice, food grains, cement, fertilizers and forest produce. That way, it is going to be help the new State of Andhra Pradesh. I would like to urge upon the Central Government to take up this project with all sincerity and to complete it in a time-bound manner. In addition to five National Waterways that are already declared, the Government of India has proposed to take up another 101 projects. It is a really very welcome move.

Regarding the Kakinada-Puducherry National Waterway 4, in summer, we have to draw water from River Krishna and Godavari projects. The dams are already there. One project in Punichintala, across River Krishna has already been completed by the State Government. The Polavaram Project across River Godvari is a life-line for the residuary Andhra Pradesh. That is going to store 200 TMC of water. It is a multi-project which is going to produce 1000 megawatts of power supply. It is going to irrigate almost the entire State also.

The Government of India has declared the Polavaram project as a national project. Unless this project is completed, we have to draw water from the Polavaram Project to maintain the water level of this National Waterway 4. Pulichintala project has already been completed by the State Government. It stores 45 TMC of water whereas the Polavaram Project which stores 200 TMC of water. The Government of India has declared it as a national project. But that project has to be completed at the earliest. It has been estimated that it would cost around Rs. 30,000 crore or something like that. Unless we spend at least Rs.10,000 crore per annum and complete that project, we cannot achieve this national waterways. The Central Government has already declared the Polavaram Project as a national project. I, therefore, urge upon it to try and complete it at the earliest.

The hon. Chief Minister of Andhra Pradesh has said that he is going to see that the project is completed by 2018. In order to complete the project by 2018, we have to spend at least Rs.10,000 crore per annum on it. Once completed, this project would help the National Waterway 4, will help irrigate lakhs of acres of land, and also produce almost 1,000 MW of eco-friendly power. Polavaram Project is a very important project to have this National Waterway 4 also. That is why I request the Government of India to complete this project at the earliest and complete this National Waterway. This is a very novel idea. All people would remember the Government of India, the concerned Minister and hon. Prime Minister. But please complete it at the earliest. When you have taken up 106 projects, please try and complete these projects. It would definitely go a long way in the economic development of the country.

Thank you very much, Madam Chairman.

डॉ. किरिट पी. सोलंकी (अहमदाबाद) : सभापति महोदया, आज हमारी सरकार नरेन्द्र भाई मोदी जी की सरकार के हमारे मंत्री जी ने राष्ट्रीय जलमार्ग विधेयक, 2015 प्रस्तुत किया है, जिसके समर्थन में बोलने के लिए मैं खड़ा हुआ हूं।

महोदया, हमारी संस्कृति नदियों के तट पर बसी हुई है और भारत देश की विशेषता है कि बहुत सारी नदियां चाहे वह मां गंगा, यमुना, नर्मदा, कृष्णा, गोदावरी और ब्रह्मपुत्र इत्यादि नदियों के रूप में भगवान ने हमें वरदान दिया है। मुझे आश्चर्य इस बात का होता है कि करीब साढ़े 65 साल से भी ज्यादा आजादी को प्राप्त किए हुए हमें हो गया है, लेकिन किसी भी सरकार ने अभी तक इसका संज्ञान नहीं लिया। मुझे इस बात का बहुत अचम्भा होता है। जब अटल बिहारी वाजपेयी जी के नेतृत्व में एनडीए की सरकार आयी थी तो उन्होंने गोल्डन क्वाड्रिलेट्रल बनाने का ख्याल रखा था। उनके आने के बाद देश के विभिन्न भागों को राजमार्गों से जोड़ने की बात हुई थी। मैं समझता हूं कि अगर किसी भी देश के विकास करना है तो इसके लिए कनेक्टिविटी बहुत महत्वपूर्ण है। हमारी सरकार और हमारे मंत्री श्री नितिन गडकरी जी को मैं बधाई देता हूं कि यूपीए के शासन में करीब 2.5 किलोमीटर प्रतिदिन राष्ट्रीय राजमार्ग बनते थे, लेकिन आज यह सरकार आने के बाद, मंत्री जी के आने के बाद प्रतिदिन करीब 18 किलोमीटर राजमार्ग बनने लग गए हैं। मुझे इस बात का स्मरण आता है। मैं अहमदाबाद पश्चिम से सांसद हूं और एक बार मुझे नितिन गडकरी साहब ने एक चिट्ठी भेजी थी और हमारे राष्ट्रीय राजमार्ग नंबर आठ पर कुछ दिक्कतें आ रही थीं तो उन्होंने मुझे स्वयं लिखा था कि आप इसमें इंटरवीन करके बारेजा के पास कुछ किसानों का मामला था। उन्होंने स्वयं मुझे लिखा था। मुझे बहुत आश्चर्य हुआ था कि मंत्री जी ने मुझे पत्र लिखा है। मुझे वह मेरा सौभाग्य लगा और मैंने उसमें इंटरेस्ट लिया। मैं इस बात पर जोर देना चाहता हूं कि he has political willâ€¦

HON. CHAIRPERSON: The hon. Minister is replying to each and every Member of Parliament. I have got a letter.

डॉ. किरिट पी. सोलंकी : जहां तक राष्ट्रीय राजमार्ग विधेयक प्रस्तुत करने की बात है तो यह अपने आप में बहुत अहम बिल है। मैं इसे एक ऐतिहासिक बिल कहता हूं और उससे आगे बढ़ कर मैं इसे एक क्रांतिकारी बिल कहता हूं। क्योंकि जलमार्ग की वजह से लागत बहुत कम आती है। जलमार्ग की वजह से जो लागत आती है, उसे अगर आप हॉर्सपावर के हिसाब से देखें तो सड़क से 150 किलोमीटर का वहन किया जाता है, रेल से पांच सौ किलोमीटर का वहन किया जाता है, लेकिन जल परिवहन से चार हजार किलोमीटर का वहन किया जाता है। यह बहुत बड़ी बात है।

अगर हम एक लीटर ईंधन की बात करें तो 24 टन सामान को सड़क से ले जाया जा सकता है, अगर रेल से देखो तो 85 टन सामान ले जाया जा सकता है और अगर जल परिवहन देखें तो 105 टन सामान का परिवहन किया जा सकता है। अगर हम एक किलोमीटर परिवहन की बात करें तो सड़क के माध्यम से 2.48 रुपये प्रति टन की लागत पड़ती है, अगर रेल की बात करें तो 1.41 रुपये प्रति टन की लागत पड़ती है, परंतु जल मार्ग में एक रुपये से कुछ ज्यादा की लागत पड़ती है। मेरा कहने का मतलब यह है कि जल परिवहन एक बहुत फायदे की बात है। इसके इंफ्रास्ट्रक्चर की बात देखें तो रेल में बहुत बड़ा इंफ्रास्ट्रक्चर होता है, सड़क में भी बहुत बड़ा इंफ्रास्ट्रक्चर होता है, परंतु जलमार्ग में इंफ्रास्ट्रक्चर कम्पैरेटिवली बहुत कम मात्रा में होता है। जहां तक पर्यावरण की बात है, आज पूरे विश्व में जो क्लामेट चेंज हो रहा है, इसकी वजह से सभी देश चिंतित हैं। लेकिन अगर हम जलमार्ग का परिवहन के लिए इस्तेमाल करेंगे तो क्लाइमेट के इश्यु को हम बहुत अच्छी तरह से एड्रैस कर सकते हैं।

मैडम, जो माननीय मंत्री जी हैं, मंत्री जी जिस तरह से कार्य करते हैं, इनका जो कार्य करने का जो तरीका है, यह बहुत ही प्रभावी तरीके से कार्य करते हैं, बहुत ही पोलिटिकल विल के माध्यम से कार्य करते हैं और यह कोई सपना नहीं दिखाते हैं, यह एक ऐसे नेता हैं, जो कहते हैं, वह करके दिखाते हैं। जब यह महाराष्ट्र में मंत्री थे, तब इन्होंने सरकार के पास से दस करोड़ रुपये लिये थे और लोगों के पास से चार हजार करोड़ रुपये का यह निवेश लाये थे और धरातल पर जो राशि उतारी थी, वह आठ हजार पांच सौ करोड़ रुपये थी। मेरा कहने का मतलब यह है कि जिस बात को लेकर यह आगे बढ़ते हैं, उस बात को समय से भी पहले पूर्ण करने का उनका अपना एक तरीका है, उनका एक इन्नोवेटिव तरीका है। इसलिए मैं उनका बहुत-बहुत धन्यवाद करता हूं, बहुत-बहुत अभिनंदन करता हूं। मगर मैं इस बिल में एक-दो कॉशन की बात भी करता हूं कि जब नदियों में परिवहन होगा तो मोटरबोट लगेंगी, नये-नये इंफ्रास्ट्रक्चर लगेंगे, लोगों का परिवहन होगा, फूड और ऑयल का इस्तेमाल होगा। इसलिए मैं मंत्री जी से विनती करता हूं कि नदियों में पाल्यूशन न हो, इसका भी हमें प्रावधान रखना होगा, ताकि नदियां दूषित न हो, नदियां स्वच्छ रहें और नदियां और भी स्वच्छ बनें, हमें इसका प्रावधान जरूर रखना होगा। आपने 105 राष्ट्रीय जलमार्ग घोषित किया है, इसमें हमारे गुजरात में नर्मदा को परिवहन के लिए घोषित किया गया है। मैं जिस शहर से आता हूं, वहां साबरमती के संत महात्मा गांधी का आश्रम है, साबरमती नदी का भी इसमें समावेश किया गया है और तापी नदी का भी इसमें समावेश किया गया है। इसके लिए मैं इनका बहुत आभार प्रकट करता हूं। मगर मैं मंत्री जी से गुजारिश करता हूं कि सरदार सरोवर परियोजना की नर्मदा जो कैनाल है, यह केवड़िया कालोनी से लेकर उत्तर गुजरात और सौराष्ट्र तक जाती है। मैं मंत्री जी से विनती करता हूं कि इस राष्ट्रीय जलमार्ग में इस योजना को भी सम्मिलित किया जाए। जहां तक मही नदी का सवाल है, वह महीसागर के रूप में जानी जाती है, उसका भी इसमें समावेश किया जाए।

इसके अलावा मैं कहना चाहता हूं कि जिस तरह से हमारे पास साढ़े पांच हजार किलोमीटर लम्बा समुद्री तट है और जहां तक गुजरात का सवाल है, 1600 किलोमीटर लम्बा समुद्री तट है, मैं समझता हूं कि उसका भी परिवहन में इस्तेमाल किया जाए। मुम्बई शहर आज ट्रैफिक के लिए बहुत चैलेंजिंग हो गया है। मुम्बई को यदि आप भौगोलिक दृष्टि से देखो तो उत्तर से दक्षिण तक बहुत बड़ा विकसित मुम्बई है और मुम्बई में जो मार्ग हैं, उनमें बहुत कंजैशन होता है। मैं आपसे उनमें समुद्री मार्ग से भी पैसेंजर परिवहन करने की मांग करता हूं।

महोदया, आपने मुझे बोलने का मौका दिया, इसके लिए मैं आपको बहुत-बहुत धन्यवाद देकर अपनी बात समाप्त करता हूं।

श्री प्रेम सिंह चन्दूमाजरा (आनंदपुर साहिब) : मैडम, आपने मुझे इतने महत्वपूर्ण विषय पर बोलने का मौका दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं। सदन में जो वाटर नेशनल हाईवे बिल लाया गया है, मैं इसके समर्थन में बोलने के लिए खड़ा हुआ हूं। मैं समझता हूं कि हमारे सर्फेस एंड ट्रांसपोर्ट मंत्री, श्री नितिन गडकरी जी का यह बहुत दूरंदेशी वाला बिल है।

यह सही कहा गया है कि ये ऐसे मंत्री हैं, जो कहते हैं, वह करते हैं। मैं समझता हूँ कि इसकी बहुत ज्यादा जरूरत थी क्योंकि हमारी सड़कों पर बहुत रश होता है, एक्सिडेंट होते हैं और इस बिल का जो मोटिव बताया है, वह सही है कि इससे कॉस्ट बहुत कम होगी, सुविधा होगी और टूरिज्म को बहुत बढ़ावा मिलेगा। मैं समझता हूँ कि इसमें सब कुछ दिया है, फिर भी कई प्रदेश ऐसे हैं, जैसे पंजाब है,

उसकी दो-तीन शंकाए हैं, उन पर मंत्री जी को ध्यान देना चाहिए। जैसे इसका नाम नैशनल वॉटरवेज़ है, हम चाहते हैं कि वहां के दरिया का जो पानी है, जहां सिंचाई के लिए जो प्रोजेक्ट्स लगने हैं, उनका अधिकार राज्यों के पास होना चाहिए। दूसरा जो हमारे दरिया हैं, जैसे सतलुज है, व्यास है, वैसे तो पंजाब दरिया के नाम से ही जाना जाता है, पांचआब के नाम से, अनफॉर्चुनेटली हमारे दो दरिया - झेलम और चिनाब पाकिस्तान में चले गए, रावी आदि रह गई, उसमें से कुछ जम्मू और कश्मीर से हो कर आते हैं, पंजाब को टच करते हैं, इन्होंने जो 101 की लिस्ट बनाई है, इनको उसमें शामिल किया है। मैं समझता हूँ कि चेनाब, झेलम और रावी को भी लेना चाहिए। दूसरा जो सतलुज और ब्यास हैं, मैं मंत्री जी को यह जरूर कहूंगा कि उसमें से सिल्ट निकालने के लिए माइनिंग विभाग रूकावटें डालता है। यदि इसमें प्रॉविजन कर ली जाए, दरिया को चैनलाइज़ करने के लिए सर्फेस एण्ड वॉटर ट्रांसपोर्ट मंत्रालय ही उसको ले ले तो मैं समझता हूँ कि बाढ़ की समस्या भी हल हो सकती है। हमारे बहुत सारे प्रदेश ऐसे हैं, जहां माइनिंग डिपार्टमेंट की रूकावट के कारण बाढ़ बढ़ती है। इसमें से बहुत सारी दरिया ऐसी हैं, जो रास्ते बदलते हैं, टेढ़े-मेढ़े रास्ते होते हैं। यदि वहां ट्रांसपोर्टेशन की सुविधा करनी है तो उनको सीधा करना होगा। सीधा करने के लिए सर्फेस एण्ड वॉटर ट्रांसपोर्ट डिपार्टमेंट को ही यह अपने हाथों में लेना होगा। इसमें कुछ ऐसी क्लैरिफिकेशन की जरूरत है, यदि यह न हुआ तो मैं समझता हूँ कि कम से कम जो पंजाब के दरिया लिए हैं, सतलुज और ब्यास जैसे दरिया हैं, वह हमारा परपज़ सॉल्व नहीं कर पाएंगे। यह हो जाए तो अच्छी बात है। दूसरा, दरिया के साथ-साथ जो कुछ कैनाल्स हैं, जैसे गंग कैनाल है, जो हरि के पत्तन, पाकिस्तान से शुरू होती है, पंजाब के तरनतारण के एरिया से हो कर, वह गंगानगर तक चलती है, रास्ते में हरियाणा को भी टच करती है। वह बहुत बड़ी कैनाल है। उसको भी 101 की लिस्ट में डाला जाए तो अच्छी बात होगी। दूसरा एक सरहिंद नहर है, अंग्रेजों के समय भी वहां ट्रांसपोर्टेशन का, लक्कड़ का काम चलता था। लोग जम्मू कश्मीर से आते थे, हिमाचल से आते थे, व्यापारियों के लिए बहुत अच्छा वह साधन था। अब वह बंद हो गया है। उसको रिवाइव किया जाए, मैं समझता हूँ कि पंजाब की इकॉनमी को भी बढ़ावा मिलेगा और जो इनका परपज़ है, वह भी सॉल्व हो पाएगा और रूट भी बहुत शॉर्ट हो जाता है। भाखड़ा डैम से ले कर कम से कम लुधियाना तक सरहिंद नहर वॉटरवेज़ के लिए बहुत अच्छा पोटेंशियल है। मैं ज्यादा कुछ न कहता हुआ, इस बिल का जहां समर्थन करता हूँ, वहां ये दो-तीन हमारी जो कैनाल्स हैं और दूसरा डीसिल्टिंग और चैनलाइज़ करने का काम हो पाए तो मैं समझता हूँ कि जो परपज़ माननीय मंत्री जी ने लिया है कि सड़कों पर एक्सिडेंट कम हों और यह सुविधा लोगों को मिले, शॉर्ट रूट हो, फ्यूल सेव हो, इंवायरमेंट फ्रेंडली हो, ये परपज़ हल हो पाएंगे।

धन्यवाद।

श्री जय प्रकाश नारायण यादव (बाँका) : सभापति महोदया, राष्ट्रीय जलमार्ग विधेयक, 2015 जो पेश किया गया है, मैं उस पर बोलने के लिए खड़ा हुआ हूँ। आपने बोलने की अनुमति दी, जिसके लिए मैं आपका धन्यवाद करता हूँ। मार्ग इंसान की जीवन-रेखा है। विकास के कई पैमाने हैं, उन पैमानों में यातायात की अहम भूमिका है। हम बिजली, पानी जैसी सुविधाएं और इफ्रास्ट्रक्चर बनाते हैं, लेकिन यातायात की सुविधा, आवाजाही की सुविधा, आवागमन की सुविधा रोजमर्रा के कामों में और दूर लक्ष्य आधारित करके जिन कामों को हम करना चाहते हैं, इन सबमें यातायात चाहिए। इसके लिए या तो रेलमार्ग चाहिए या राष्ट्रीय राजमार्ग चाहिए या जल मार्ग चाहिए। हमारा मानव संसाधन बहुत बढ़ा है। हम धरती पर बोझ तो नहीं कहेंगे, लेकिन धरती पर भार बहुत बढ़ता जा रहा है। रोड की छाती, चाहे वह नेशनल हाइवे हो, चाहे राज्य का रोड हो, उस पर इतनी गाड़ियाँ सरपट दौड़ती हैं, हैवी वाहन चलते हैं कि रोड में उसके सहने की ताकत नहीं है। इसके लिए वैकल्पिक और बेहतर व्यवस्था करना समय की माँग है और पुकार है।

यह जो बिल आया है, इसमें कई अच्छी संभावनाएं दिखाई पड़ती हैं और इन संभावनाओं को हम अच्छा मानते हैं। इसके माध्यम से कैसे इसको हम आगे बढ़ाएं? पोत परिवहन मार्ग को हमें आगे बढ़ाना है, बेहतर करना है। हमने कहा कि यह विकास का हमारा आइना और दर्पण है। हम पोत परिवहन मार्ग को आगे बढ़ाने का काम करें। इससे मालभाड़े में भी कमी आएगी, रोड के मुकाबले जलमार्ग से जाने में कम मालभाड़ा लगेगा तो आर्थिक स्रोत भी हमारा ठीक होगा, हमारी आय भी ठीक होगी और बैलेंस होगी। इसलिए यह जलमार्ग यातायात बेहतर से बेहतर होगा।

कई चीजों की चर्चा होती है। मैं दुर्घटनाओं के संबंध में कहना चाहूंगा, हमें एन.एच. बनाने हैं, माननीय मंत्री जी से हम जरूर यह आग्रह करेंगे कि और भी एन.एच. बनें। माननीय मंत्री मंत्री जी से हमारा आग्रह है कि एन.एच. देश में भी बनें, राज्यों में बनें। बिहार जो हमारा गरीब इलाका है, पिछड़ा इलाका है, बैकवर्ड रीजन का इलाका है, गडकरी साहब इधर भी जरूर देखेंगे और इस पर ख्याल करेंगे कि बिहार जैसा सूबा, जहां लोग गरीबी-गुर्बत में जीने का काम करते हैं, लेकिन हम उद्यमी हैं, हम परिश्रमी हैं, हम बाहर जाते हैं तो बाहर जाने पर हमारी गरीबी का कोई मजाक न उड़ाए, देश और दुनिया में, मॉरीशस तक बिहार के लोग गए हैं। हम जाते हैं और शरीर से पसीना चुआकर हम राष्ट्र बनाते हैं, राज्य बनाते हैं, हम बाहर भी जाते हैं। बाहर आने-जाने में कोई हीनता की बात नहीं होती है।

हम कहना चाहते हैं कि इस यातायात की सुविधा से कई संभावनाएं पैदा होंगी और एन.एच. पर जो दुर्घटनाएं होती हैं, उनमें कमी आएगी। एन.एच. चाहिए, बिहार में भी एन.एच. चाहिए और बिहार में हमें कई जगह पर एन.एच. चाहिए, जिसकी चर्चा माननीय मंत्री जी से होती रही है। भीड़-भाड़ को भी कम करना है, आबादी बढ़ती जा रही है, जनसंख्या बढ़ती जा रही है, इसलिए भीड़-भाड़ को भी नियंत्रित करने के लिए, सुव्यवस्थित करने के लिए यातायात की सुविधा और जलमार्ग भी हमें बेहतर बनाना है। इसके साथ-साथ यह सस्ता भी होगा, सुगम भी होगा और सामान्य लोगों को आने-जाने का रास्ता भी मिलेगा। यह सस्ता और सुलभ भी होगा, इसलिए इसको बढ़ाया जाए। इसके साथ-साथ अगर हम कहीं उद्योग का जाल बिछाना चाहते हैं तो जलमार्ग से हम सामान बहुत जल्दी वहाँ पहुँचा सकते हैं, बन्दरगाह से पहुँचा सकते हैं। हम जगह-जगह बन्दरगाह बनाकर सामान पहुँचा सकते हैं। जलमार्ग से हम उद्योग-धंधे को और भी ज्यादा बढ़ावा दे सकते हैं और उन्हें और ज्यादा विकसित कर सकते हैं। पर्यटन के दृष्टिकोण से भी कई सम्भावनाएं देश के अन्दर हैं, हमारे बिहार में हैं, जिसकी चर्चा हम अभी करेंगे। इससे भी सम्भावनाएं बढ़ेंगी, इसलिए यह जरूरी है। तटीय शिपिंग का मामला है, जहाँ समुद्री किनारे हैं, उसे हम वहाँ करते हैं। इससे पर्यावरण को भी सुविधा होगी और पर्यावरण के लिए जो हम ग्रीन कॉरीडोर बनाना चाहते हैं, वह बेहतर होगा।

जहाँ तक बिहार का सवाल है, हम कहना चाहेंगे हमारे यहाँ गंगा, भगीरथी हुगली नदी है, बनारस, इलाहाबाद और कोलकाता का इलाका है, ...(व्यवधान) मैं केवल दो-तीन मिनट और लूँगा। हुगली कोलकाता से लेकर बनारस और पटना तक, तथा हमारा भागलपुर का इलाका, जिस क्षेत्र से हम आते हैं, और सुल्तानगंज तथा मुंगेर का जो इलाका है, जिस सुल्तानगंज एरिया से करोड़ों आस्था रखने वाले लोग उत्तरायन गंगा से जल लेकर 107 किलोमीटर की पैदल यात्रा भी करते हैं। वहाँ गंगा का बहाव बहुत ही अच्छा है। तो यह सुल्तानगंज घाट जो भागलपुर में पड़ता है, हमारे संसदीय क्षेत्र में पड़ता है। भागलपुर से शैलेश कुमार जी आते हैं, हम मांग करते हैं कि उसे बंदरगाह का दर्जा दिया जाए।

इसके साथ साथ हम गंडक, कर्मनाशा, पुनपुन, घाघरा, कोसी, सोन और यमुना का जो इलाका है, इन नदियों की साफ सफाई से लेकर बेहतरी के लिए हम माननीय मंत्री जी से मांग करते हैं। हम यह भी मांग करते हैं कि बिहार में राष्ट्रीय राजमार्ग अधिक दीजिए क्योंकि आपको एक अच्छे मंत्री के रूप में हम लोग जानते हैं। हमारा सिर्फ ऐसा मानना ही नहीं है, बल्कि आप उस काम को करके दिखाते भी हैं। लेकिन बिहार के साथ पता नहीं जीतने के बावजूद भी थोड़ा कलम रोक लेते हैं तो लगता है कि कलम चलेगी। कलम ज़रूर चलाइएगा क्योंकि हमें आप पर भरोसा भी है और विश्वास भी है। इसीलिए हमारी कटौती नहीं कीजिए, बिहार को और वाटरवेज़ दीजिए। बिहार के माननीय मुख्य मंत्री जी, डिप्टी मुख्य मंत्री जी लगातार भागलपुर से पिरपैंती एन.एच. के संबंध में एवं बिहार में अन्य नए एन.एच. की मांग कर रहे हैं जिनको देने का काम करेंगे। सुल्तानगंज बंदरगाह की व्यवस्था हो, जहाज़ हो। पहले स्टीम चलता था हमारे भागलपुर में और सुल्तानगंज में। ...(व्यवधान)

माननीय सभापति : जय प्रकाश जी, कनक्लूड करें।

श्री जय प्रकाश नारायण यादव : मैं खत्म कर रहा हूँ।

सुल्तानगंज, भागलपुर, साहबगंज, मुंगेर, मोकामा, बरौनी, बाढ़, पटना, बक्सर, बनारस और इलाहाबाद तक सभी इलाके गंगा के मैदानी इलाके हैं, वह उर्वर है, फर्टाइल है। यह राजनीति में भी फर्टाइल है तथा सामाजिक रूप से भी फर्टाइल है। अब उसको यातायाता की सुविधाओं में फर्टाइल करना है। उसको मैरीन ड्राइव की तरह बनाइए। हम मांग करते हैं और हमेशा मांग करते रहेंगे कि आप हमारे इलाके को बेहतर राष्ट्रीय राजमार्ग से जोड़िएगा और गंगा जो प्रदूषित है,...(व्यवधान) उसको स्वच्छ बनाइएगा जिससे निर्मल भारत के निर्माण में सहयोग हो।

डॉ. अरुण कुमार (जहानाबाद) : अब ऐसे बोल रहे हैं कि मंत्री जी चले गए। ...(व्यवधान)

श्री जय प्रकाश नारायण यादव : सरकार तो जाएगी ही।...(व्यवधान)

श्री अनुराग सिंह ठाकुर (हमीरपुर): अगर जाने का इंतज़ार है तो मांगते क्यों हो?...(व्यवधान)

डॉ. अरुण कुमार : माननीय सभापति महोदया, राष्ट्रीय जलमार्ग बिल 2015 सरकार का एक क्रांतिकारी कदम है। आज़ादी के कई वर्षों बाद भी मात्र पाँच जलमार्ग ही विद्यित हुए थे और वे भी दुर्दशा में हैं। ...(व्यवधान) उसमें आपकी भी भूमिका है समाप्त करने में। ...(व्यवधान) हाँ हम उधर ही बोल रहे हैं।

माननीय सभापति : आप आसन को संबोधित करें। आपस में बात न करें।

â€¦(व्यवधान)

डॉ. अरुण कुमार : मैं कहना चाहूँगा कि यह एक बड़ी छलांग है और निश्चित रूप से नरेन्द्र मोदी की सरकार जो कहती है, वह करती है। यह ढकोसले की सरकार नहीं है। ये लोग ढकोसलापंथी में बहुत दिन रहे हैं। इनको विश्वास होते हुए भी विश्वास नहीं होता है जय प्रकाश जी को, यह चिन्ता का विषय है। इसलिए कम से कम यह ज़रूर सोचें कि जो काम हो रहा है, ...(व्यवधान)

माननीय सभापति : माननीय सदस्य, आप जयप्रकाश जी की बात छोड़िए, अपनी बात बोलिए।

â€¦(व्यवधान)

डॉ. अरुण कुमार : मैं उन जयप्रकाश जी की बात नहीं कह रहा हूँ, इनकी कह रहा हूँ। ...(व्यवधान)

महोदया, मैं कहना चाहूँगा कि सरकार ने जो 101 नए जलमार्गों का संकल्प लिया है, यह बहुत ही क्रांतिकारी कदम है। खासकर बिहार में जो सोन नदी है, पुनपुन नदी है, कोसी है, गंडक है, इन नदियों को भी राष्ट्रीय जलमार्ग में जोड़ने का संकल्प जो सरकार का है, हम इसके लिए सरकार का अभिनन्दन करते हैं। निश्चित तौर से माननीय मंत्री जी ने पूरे देश में एक स्वच्छ भारत के निर्माण का जो संकल्प लिया है, आज भी जो इन्होंने एक प्रदूषणमुक्त मोटर व्हिकल की शुरूआत की, यह भी उस दिशा में एक बड़ा कदम है। आज देश के सामने जो चुनौती है, इस भीषण चुनौती के लिए एक नये अध्याय की शुरूआत 101 जलमार्गों को जोड़ करके करने का इन्होंने काम किया है। कई साथियों ने ठीक ही कहा कि हम आजादी के पहले भी हमारे जलमार्ग ज्यादा बेहतर प्रबन्धन में थे, जैसे सोन नदी का प्रयोग हम लोग जलमार्ग के रूप में करते थे। हम नहरों का भी प्रयोग करते थे और उस प्रयोग से मालवहन का काम हुआ करता था। इससे इस प्रयास में गति आएगी और हमारा जो पुराने जलमार्ग थे, उन्हें भी विकसित करने का अनुरोध हम करेंगे। जैसे सोन नदी को राष्ट्रीय जलमार्ग में रखा गया है, लेकिन सोन से निकलने वाली बड़ी नहर है, जो

डेहरी से पटना तक पहले काफी क्रियाशील थी और काफी सक्षम नहर थी। उसी तरह से गंडक से निकलने वाली नहरों को भी इसमें जोड़ा जाये तो मालवहन और अन्य कार्यों में काफी सुविधा होगी। इससे रोड पर से प्रैशर कम होगा।

इन्हीं शब्दों के साथ यह एक क्रान्तिकारी कदम है। इसमें सरकार और माननीय मंत्री जी का हम अभिनन्दन करते हैं और ये पूरी गति से सफलता की ओर जायें, इसकी मैं कामना करता हूं। जयहिन्द।

SHRI VARAPRASAD RAO VELAGAPALLI (TIRUPATI): Madam Chairperson, thank you for giving me this opportunity. Just as many of my earlier speakers have congratulated the Government and the hon. Minister, a very dynamic Minister, I would also like to congratulate him. It is an excellent piece of legislation. The proposed provisions in the Bill are cost-effective, fuel efficient and environment friendly. Moreover, what cannot be carried by rail or by road, those things can be carried through the waterways. Most important is that there is a heavy pressure on the National Highways, particularly the National Highway connecting Chennai and Howrah. This route is extremely congested. Perhaps, the Buckingham canal which has been sanctioned to us, from Kakinada to Puducherry, would help in decongestion of this route and reduce the risk of accidents on this National Highway.

But so far whatever investments have been made in inland waterways is very negligible when compared to others. Since the hon. Minister is in charge of both the Departments of National Highway Authority and Inland Water Highway and the investment that has been made for the National Highways could be considered for an investment in the Inland Waterways. Tourism, particularly pilgrimage tourism has become extremely popular. This aspect should be taken into consideration. For example, places like Varanasi, Allahabad, Kolkata, Rajamundry, Bhadrachalam, Krishna all these places could be an excellent centre for pilgrimage and centre for tourist cruises if these places could be developed well. Already we have inland waterways, of which one is with us and techno-feasibility has been completed for 50 projects. The Government may take the rest of the projects on top priority to reduce the pressure on the rail and the roads. But at present the Inland Highway Authority has no teeth whatsoever. Adequate investment is not there. It has no organizational structure; it has no staff. The hon. Minister may consider strengthening it on the lines of the National Highway Authority.

As earlier speakers have mentioned, other countries are exploiting our water transport in a very big way. For example, as regards China, it is as much as 50 per cent and countries like Holland are doing so well in tourism and water transport. Similarly, India has a meagre 3.4 per cent of it which could be put into use whereas we have as much as nearly 15,000 kilometres as the national highways.

What is needed to be considered is and the hon. Minister may take it into consideration, merely putting it into the waterways may not solve the purpose. What we require to make it successful is, particularly in South India, is like this. We do not have perennial rivers there. It is not like Brahmaputra and Ganges. Therefore, to ensure regular water supply and to make it successful, the Government should think of regular water supply either to take it from the sea or to connect it with other rivers. That is most important to make it most successful.

Godavari is also extremely important for the simple reason that Bhadrachalam Temple is covered in that area. Right now, thanks to the hon. Minister, that is what has been sanctioned to us. Buckingham Canal literally connects Odisha, Andhra Pradesh, Telangana, Karnataka and Tamil Nadu. Therefore, linking of rivers should become much easier if this is done. It solves several other issues, be it drinking water, be it irrigation projects, be it irrigation of land. It solves several issues.

The hon. Minister, in some places, has mentioned that as much as Rs. 5 lakh crores would be spent in ten years. I am sure that instead of spending the amount from the Government exchequer, it may be considered by way of public-private partnership rather than spending it from the public

exchequer.

We do not have any cruise in India. On an average, every month 700 persons are going to either Europe or Singapore only for cruise tourism. Therefore, if it is done in some places, it would be of immense help. There is a lot of scope in it. We have a lot of scope in Krishna and Godavari. We have excellent lakes connected to them. It is also cost efficient as far as fuel is concerned. One litre of fuel could carry 24 tonnes on road; it is 85 tonnes on rail and 105 to 125 tonnes by waterways. That is extremely important and one HP unit can move 150 tonnes on the road, 500 tonnes on rail and 4000 tonnes on inland waterways. That is how it can be put into use. The charges are only 30 paise as against Rs. 1 and Rs. 1.50 on road and rail respectively.

The Government has appointed Mohandas Pai Committee to look into inland waters and also position of ports could be improved. If that is done, it would be immensely beneficial to Andhra Pradesh which is really backward after the bifurcation. That Committee Report may kindly be implemented early.

As I mentioned earlier, it will help irrigation enormously besides various aspects.

The most important point which I want to mention here is that, wherever irrigation projects are feasible, they should be considered to make a comprehensive waterway system.

Since the Southern rivers are not perennial, water levels have to be ensured to make it successful. Today, Rs. 3000 crore have been sanctioned for the Buckingham Canal. If bunds are not strengthened, riveting is not done, enough entry into the mouths of the river is not done and if water flow is not properly restricted, it will become a big havoc.

One of the points which I want to share with the hon. Members and the hon. Minister is, only because of not properly tackling inland waters, we have deadly floods in our country. The reason is, the natural flow of water into the waterways has been blocked at various places. So, while implementing the projects, the hon. Minister may look into the inflow of water from various places, into the sea and from the sea backwards also. If it is not done, I am sure that it may not be very successful.

Similarly, when it is taken up, silting also should be done simultaneously. At regular intervals, if silting is not done, I am sure, it will not be very successful.

To make it more successful as regards linkage of water, the hon. Minister may consider my suggestions. I thank the Chair as well as the hon. Minister for giving me this opportunity.

श्री सुशील कुमार सिंह (औरंगाबाद) : सभापति जी, आपकी अनुमति हो तो यहीं से बोलूं।

माननीय सभापति : ठीक है।

श्री सुशील कुमार सिंह : सभापति जी, राष्ट्रीय जलमार्ग बिल, 2015 के समर्थन में बोलने के लिए मैं खड़ा हुआ हूं। मैं कहना चाहता हूं कि यह काम वर्षों पहले इस देश में होना चाहिए था, किन्हीं कारणों से यह पीछे रह गया, या तो सोच का अभाव रहा होगा या कुछ और कारण रहे होंगे। मैं माननीय मंत्री जी को धन्यवाद देना चाहता हूं और प्रशंसा करना चाहूंगा जिनकी सोच काफी उन्नत और अच्छी है। जहां पहले देश में मात्र पांच जलमार्ग चिन्हित किए गए थे। माननीय मंत्री जी ने 101 नए जलमार्गों को इसमें जोड़ा है और कुल मिलाकर 106 जलमार्ग घोषित हुए हैं। परिवहन का यह तरीका हर मामले में केवल लाभ ही लाभ देने वाला है, सस्ता भी है, पर्यावरण के हिसाब से अच्छा भी है, रोजगार भी पैदा करेगा, यह सुगम भी है, इससे सड़कों पर होने वाले ट्रैफिक जाम से भी मुक्ति मिलेगी, इससे पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। यह हर तरह से सराहनीय है, हर तरीके से अच्छा है।

15.57 hours (Shri Hukum Singh *in the Chair*)

दुर्भाग्यवश इसका उपयोग बहुत ही कम किया गया। जहां चाइना में पूरी परिवहन व्यवस्था का 47 प्रतिशत जलमार्ग के माध्यम से होता है, यूरोप में यह 40 प्रतिशत तक है, जबकि हमारे देश में मात्र 3.3 प्रतिशत तक जलमार्ग के माध्यम से परिवहन की व्यवस्था है। उसमें भी 3 प्रतिशत समुद्री जलमार्ग है और मात्र .3 प्रतिशत नदियों के माध्यम से है। मैं मंत्री जी के इस क्रांति कदम की प्रशंसा करता हूं, जिन्होंने इस दिशा में सोचा है। देश के विकास में जलमार्ग को विकसित करके आगे ले जाने की, आगे बढ़ाने की जो इनकी सोच है, वह काफी सराहनीय है। एक बहुत प्रमुख बात है कि जहाँ अन्य जो साधन हैं, सड़क के माध्यम से परिवहन की व्यवस्था है, रेल के माध्यम से व्यवस्था है, इनकी तुलना में जल परिवहन 70 प्रतिशत तक सस्ता है। जहाँ सड़क पर प्रति टन माल की ढुलाई में 2 रुपए 58 पैसे का खर्च आता है, वहीं रेल के माध्यम से ढुलाई में 1 रुपया 41 पैसे का खर्च आता है, वहीं यदि जलमार्ग के माध्यम से माल की ढुलाई हो तो मात्र 1 रुपया 6 पैसे प्रतिटन की दर से खर्च आता है। इसलिए मैं कहना चाहूँगा कि यह रास्ता, यह माध्यम सबसे अच्छा, सबसे सस्ता, सबसे सुगम और पर्यावरण के लिए भी अच्छा है। जलमार्गों द्वारा माल ढोए जाने के दौरान जहाजों से प्रति टन किलोमीटर 32 से 36 ग्राम कार्बन डाई ऑक्साइड निकलती है जो सड़क परिवहन में बढ़कर 51 से 91 ग्राम तक हो जाती है।

16.00 hours

अतः यह पर्यावरण के हिसाब से भी बहुत उचित है, बहुत अच्छा है। कहीं-कहीं यह विचार आया है, कहीं कोई लेख किसी अखबार में छपा है कि नदियों के किनारे की जो बसावट, शहर और गांव हैं, जब जलमार्ग के माध्यम से परिवहन शुरू होगा तो ऐसी आशंका व्यक्त की गयी है कि उनके प्रदूषण का स्तर बढ़ जायेगा लेकिन मेरा मानना है कि यह सड़क मार्ग की तुलना में काफी कम है और मैं इन विचारों से सहमत नहीं हूं। क्योंकि इससे अच्छा और सुगम रास्ता नहीं है। मुझे तो लगा था कि यह कोरम पूरा करने की बात हो रही है लेकिन जब मैंने इस बिल का अध्ययन किया और इसके विषय में पढ़ा तो मैं माननीय मंत्री जी की प्रशंसा करना चाहूंगा कि इन्होंने काफी गहराई से इसका अध्ययन किया है और इसका गहराई से अध्ययन कराया है। इसकी जितनी संभाव्यता हो सकती है, देश में जलमार्ग की जितनी संभावना हो सकती है, उसको विकसित करने का जो प्रयास होना चाहिए, उसकी तरफ इनकी सोच है, इन्होंने कदम बढ़ाया है। हमारे बिहार में काफी नदियां हैं। बिहार की सबसे प्रमुख नदी गंगा है, जो बिहार को उत्तर बिहार और दक्षिण बिहार, दो हिस्सों में बांटती है। उत्तर बिहार में कई सारी नदियां हैं। ...(व्यवधान)

माननीय सभापति : कृपया, अब आप अपनी बात समाप्त करें।

श्री सुशील कुमार सिंह : महोदय, मैं एक-दो मिनट में अपनी बात समाप्त करता हूं। उत्तर बिहार में कोसी और गंडक जैसी प्रमुख नदियां हैं, जिनमें पूरे वर्ष काफी मात्रा में पानी रहता है, उनका उपयोग इस जलमार्ग को विकसित करने में काफी सस्ता और सहायक होगा। दक्षिण बिहार की दो-तीन नदियां भी इस जलमार्ग में शामिल की गयी हैं। मैं उनकी प्रशंसा करते हुये यह कहना चाहूंगा कि पुनपुन नदी हमारे संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत आती है, मंत्री जी ने उसमें भी 35 किलमीटर तक जलमार्ग विकसित करने की बात इस बिल के अंदर की है। मैं इनको कहना चाहूंगा कि यह एक प्रमुख नदी है। पुनपुन नदी के 35 किलोमीटर जलमार्ग को बढ़ा कर जहां तक इसका उद्गम स्थल है और संभाव्यता हो सकती है, वहां तक इसमें जल मार्ग विकसित करना चाहिए। साथ ही, सोन नदी में 160 किलोमीटर तक जलमार्ग विकसित करने की बात की गयी है, इसको भी बढ़ाना चाहिए। कर्मनाश में भी यही बात की गयी है, उसकी लंबाई को भी बढ़ाना चाहिए, ताकि उनका पूरा का पूरा सदुपयोग हो सके। धन्यवाद।

SHRI E.T. MOHAMMAD BASHEER (PONNANI): Sir, I would thank you very much for giving me this opportunity to speak on this Bill.

Sir, by making this legislation, we are making a very effective move and it is really a welcome move. If this Bill is passed and then implemented properly in a time-bound manner, it goes without saying that that will revolutionize the transport sector. As was correctly pointed out by my friends, it is a safe, cost-effective and an environmental-friendly mode of transport. Cost-effectiveness itself is a great thing.

One HP can carry 4000 kilograms of load in water whereas it can carry only 150 kilogram and 500 kilogram by road and rail transport respectively. Similarly, it is an alternative transport system. We all actually know that traffic pressure on the highways is too much and accidents are also taking place very often. So, this will be a great relief for that. That also is an attractive part of it. Another attractive part of it is the resultant development which may take place because of this. Tourism promotion, creation of storage facilities, ship-building facilities, vessel repair facilities, inland container depots kind of things, employment opportunities are also possible. This should be a milestone for coastal shipping also.

As far as Kerala is concerned, we are happy to note that the Government has included Bhartapuzha - which is running through the heartland of my constituency - Kadalundi Puzha, Chaliyar, Kallada, Varappuzha, Pamba, Manimala, Valapattnam rivers. As is correctly pointed by my friend, Shri Premachandran, in his amendment, and mentioned by Shri Karunakaran, my suggestion is that north side should be extended from Kozhikode to Kasargode, and south side from Kollam to Kolachal; and the same should be taken into consideration.

There are anxieties to be addressed in this Bill. My colleagues were stating about the water level. Water level and the sustainability are in a dangerous position. We are all saying that rivers are in a sorry state of affairs. Pollution of river was our subject. We were very much discussing the said issue. What is happening on that count? Even rivers are disappearing. That is the situation. We have to be very careful in handling this kind of situation.

Another anxiety is about the formalities in getting permission. Getting permission from the Forest Department, following the regulations of Coastal Zones, etc. is an obstacle. I hope the Government would constitute an exclusive Cell for this purpose.

With regard to the financial implication, I am happy to note that the hon. Minister has made a statement that a sum of Rs.5 lakh crore in the next 10 years would be utilised for this purpose I am quite happy with the statement of the hon. Minister and I welcome the same.

The subject `water' is in the concurrent list. Hence, the Ministry should take the views of the State Government into consideration. The Ministry should take States into confidence. The issue of low lying bridges and structures in the rivers is also an important issue and the same may be addressed.

With these words, I support the Bill.

श्री अजय मिश्रा टेनी (खीरी) : सभापति महोदय, मैं राष्ट्रीय जलमार्ग विधेयक, 2015 का समर्थन करने के लिए खड़ा हुआ हूं। जब 2014 में हमारी सरकार बनी तो इस देश में जो परिस्थितियां थीं, उन्हें हमारी सरकार ने बहुत गंभीरता से लिया और कैसे इस देश की समस्याएं दूर हों, उसके लिए लगातार प्रयास किए हैं। उसी में राष्ट्रीय जलमार्ग विधेयक लाने का काम माननीय गडकरी जी ने किया है। हमारे यहां पहले केवल पांच राष्ट्रीय जलमार्ग थे। 106 अन्य राष्ट्रीय जलमार्गों की पहचान करके बड़ी संख्या में इस देश में जलमार्ग द्वारा परिवहन प्रारंभ हो सके, उसके लिए उन्होंने सराहनीय प्रयास किया है। मैं सरकार को धन्यवाद देता हूं और इस विधेयक का समर्थन भी करता हूं। निश्चित रूप से इस विधेयक द्वारा जहां व्यापार बढ़ेगा, वहीं पर्यटन, पर्यावरण और परिवहन में भी बहुत सारी सुविधाएं मिलेंगी। इसलिए यह विधेयक बहुत ही आवश्यक था। जो भी सरकार कल्पनाशील होती है, वही ऐसी योजनाएं लाती है जिससे जनता, देश का भला होता है।

मैं अपने क्षेत्र की तरफ आपका ध्यान आकर्षित करना चाहूंगा। 40 नम्बर पर एक राष्ट्रीय जलमार्ग की घोषणा की गई है जो फैजाबाद में घाघरा नदी से प्रारंभ होकर गंगा नदी और घाघरा के संगम तक जाने वाला है। मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से अनुरोध करना चाहूंगा, मेरा लोक सभा क्षेत्र लखीमपुर खीरी है जो नेपाल के किनारे बसा है। उत्तर पूर्व में हमारा ऐसा क्षेत्र है जहां नेपाल की नदियों से भारी बाढ़ आती है। नेपाल की तीन बड़ी नदियां - कौड़ियाला, करनाली और मोहाना लखीमपुर में आती हैं। शारदा और सरयु दो बड़ी नदियां लखीमपुर जिले से निकलती हैं और बाद में हमारे क्षेत्र में ही गेरुआ नदी के माध्यम से घाघरा का रूप लेती हैं जिसका एक किलोमीटर से अधिक चौड़ा पार्ट है। नदी की एक किलोमीटर के अधिक चौड़ाई है। मैं माननीय मंत्री जी से अनुरोध करना चाहता हूं कि वे फैजाबाद से जो जलमार्ग प्रारंभ करना चाहते हैं, उसे लखीमपुर से प्रारंभ करना चाहिए क्योंकि उसी जलमार्ग के किनारे बार्डर सड़क की घोषणा हुई है और बार्डर रोड बनने जा रही है। यह राष्ट्रीय जलमार्ग न होकर अंतर्राष्ट्रीय जलमार्ग का रूप ले सकता है।

नेपाल से जो परिवहन होता है, माल की ढुलाई होती है उसका लाभ भी देश को मिलेगा। हमारे यहां जल स्तर मात्र 20 फीट है, वहां बाढ़ के कारण बहुत नुकसान होता है। पिछले कुछ समय में जल के कारण हमारे क्षेत्र को बहुत नुकसान हुआ है। एक पूर्व प्रधानमंत्री थी, जिनका लोक सभा क्षेत्र रायबरेली हुआ करता था, उन्होंने लखीमपुर से शारदा नहर बनाई, जिसका कोई भी लाभ लखीमपुर को नहीं मिलता है, 1600 किलोमीटर की वह नहर दूसरे क्षेत्र के लोगों के लिए गई लेकिन नहर के किनारे हजारों एकड़ जमीन शीपेज से प्रभावित हो गई, जिसकी वजह से वहां केवल एक ही फसल होता है। किसानों को इससे भारी नुकसान हुआ, इस तरीके की आगे कोई घटना न हो, इस पर भी माननीय मंत्री जी ध्यान दें। राष्ट्रीय जलमार्ग को लखीमपुर से प्रारंभ करना चाहिए।

महोदय, इसी सत्र में कई विधेयक आएं, मुकद्मों को रोकने के बारे में भी एक विधेयक था। हमारे यहां मुकदमों की बड़ी लंबी फेहरिस्त हो गई है। मेरा सौभाग्य है कि मुझे आज बोलने का मौका मिला,

हम लोग सदन में नहीं बोल पाते हैं। बहुत बड़ी पार्टी के दो बड़े नेता हम यहां पर विधेयक बनाते हैं कि मुकदमे जल्दी समाप्त हों, त्वरित न्यायिक प्रक्रिया हो, विलंब से न्याय न्याय नहीं होता है। उन्होंने स्वयं के मुकदमे को रोकने के लिए डेढ़ साल तक माननीय उच्च न्यायालय में अपील की, अपील खारिज होने के बाद सदन के कार्य को बाधित करके न्यायालय पर दबाव बनाने का काम किया है। मैं सदन से अनुरोध करता हूं कि ऐसे लोगों को चिह्नित करना चाहिए। माननीय कलराज मिश्रा जी ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था के सुधार के लिए एक खादी ग्रामोद्योग की स्थापना के लिए बात की थी। कुछ लोग ऐसे हैं जो शेयर इधर से उधर करते हैं, उनकी अर्थव्यवस्था मजबूत हो जाती है लेकिन देश की अर्थव्यवस्था खराब हो जाती है।

मैं राष्ट्रीय जलमार्ग विधेयक का समर्थन करता हूं और मंत्री जी से अनुरोध करता हूं कि राष्ट्रीय जलमार्ग सं. 40 को आप लखीमपुर से प्रारंभ करें।

श्री कौशलेन्द्र कुमार (नालंदा) : महोदय, सरकार इस विधेयक के माध्यम से मौजूदा 5 जलमार्ग परिवहन को बढ़ाकर 106 करने का विचार कर रही है यानि 101 नए जलमार्ग का निर्माण का रास्ता निकला है। यह अच्छी बात है कि जलमार्ग से वस्तुओं की ढुलाई बहुत ही सस्ता है। मौजूदा जो 5 जलमार्ग हैं उनकी स्थिति भी दयनीय है, इन जलमार्गों पर कोई भी काम नहीं हो रहा है। सरकार का डाटा है कि इन मार्गों पर 0.3 प्रतिशत की ढुलाई हो रही है इस स्थिति में नए जलमार्गों के निर्माण पर 5,00,000 करोड़ रुपये का खर्च करना कितना उचित होगा? मेरा सरकार से अनुरोध है कि मौजूदा जलमार्गों को रेल, सड़क और बंदरगाह से इंटरकनेक्ट करने का काम किया जाए, जिससे आवागमन स्वतः बढ़ जाएगा। मेरे यहां वाराणसी-हल्दिया जलमार्ग है, इस मार्ग से कोई आवागमन नहीं होता है इसका मुख्य कारण गंगा नदी में गाद जम जाना है। सील्डिंग गंगा नदी के प्रवाह को रोकने में अहम भूमिका निभा रही है, इससे बाढ़ का खतरा भी पैदा होता है। जब तक सील्डिंग की समस्या से नहीं निपटा जाता है और इस पर कार्य नहीं किया जाता है तब तक गंगा नदी से जलमार्ग से आवागमन संभव नहीं है, जगह-जगह पानी का प्रवाह कम है, कई जगह मार्ग संकीर्ण हो गया है। एक प्रश्न यह भी उठता है कि साल के चार महीने बरसात के समय नदियों में जल अधिक रहता है, उस स्थिति में जलमार्ग का परिवहन सुगम हो जाता है लेकिन 8 महीने नदियों में जल नहीं रहता है।

हमारे यहां नदियों में जल का प्रवाह प्रकृति पर निर्भर है। पूरे वर्ष एक समान जल का प्रवाह नहीं होता। यही मुख्य प्रश्न है और इस बिन्दु पर व्यापक विचार-विमर्श किये बिना जल मार्ग परिवहन को सुचारू रूप से कार्यान्वयन करना बहुत ही मुश्किल लगता है। विशेषज्ञों का भी मानना है कि जल मार्ग से अधिक निर्माण एवं विकास के कारण जल प्रदूषण का भी खतरा बढ़ेगा, क्योंकि नदियों में मालवाहकों के ईंधन से जो प्रदूषण पैदा होगा, वह जल को ही प्रदूषित करेगा। ...(व्यवधान) साथ ही जल में अधिक हलचल भी होगी जिससे जल-जीव, विशेषकर मछलियों पर इसका प्रभाव पड़ेगा। आज हमारी नदियों की क्या हालत है? वह नाले बनती जा रही हैं। पूर्णतः नदियां प्रदूषित हो चुकी हैं, इसलिए पहले इन्हें प्रदूषित मुक्त करना चाहिए। आज नदियों को प्रदूषण मुक्त करने की परियोजनाएं भी बनती हैं लेकिन कार्य भी अधिक धरातल पर नहीं दिख रहे। ...(व्यवधान)

माननीय सभापति : कौशलेन्द्र जी, अब आप अपनी बात समाप्त कीजिए।

श्री कौशलेन्द्र कुमार : हमारी नदियों का जल ही पीने योग्य है, इसलिए इसे भी बचाने की आवश्यकता है। अगर हम प्राकृतिक जल को भी दूषित कर देंगे, तो भविष्य में पेयजल का भी गंभीर संकट पैदा हो जायेगा. ...(व्यवधान)

सभापति महोदय, मैं एक मिनट में अपनी बात समाप्त कर रहा हूं। इन बिन्दुओं पर भी जल मार्ग का निर्माण करते समय ध्यान देना जरूरी है। प्राचीन काल में ही हम लोग जल मार्ग से ही यातायात करने के लिए निर्भर थे, किन्तु आजादी के बाद जल मार्ग की उपेक्षा के कारण आज यह स्थिति उत्पन्न हो गयी है। जल मार्ग की कुल यातायात भागीदारी 0.3 प्रतिशत है, यानी इसकी महत्ता ही समाप्त हो चुकी है।

महोदय, मेरा सुझाव होगा कि जल मार्ग की जो पांच परियोजनाएं पहले से हैं, उन्हें ही चालू करने का प्रयास किया जाये। बहुत-बहुत धन्यवाद।

माननीय सभापति : मेरा सभी माननीय वक्ताओं से आग्रह है कि इस विषय पर बोलने वाले बहुत लोग हैं और समय को ध्यान में रखते हुए मंत्री जी का रिप्लाई पांच बजे होना है। इसलिए आप सब दो-दो मिनट में ही अपनी बात कह दें, तो अच्छा रहेगा।

श्रीमती रमा देवी (शिवहर): सभापति महोदय, हमारे समय में ही समय कम हो जाता है। ...(व्यवधान)

सभापति महोदय, सबसे पहले राष्ट्रीय जलमार्ग विधेयक, 2015 जो माननीय मंत्री जी लेकर आये हैं, मैं उसके समर्थन में बोलने के लिए खड़ी हुई हूं। मैं इसके लिए माननीय मंत्री जी को हृदय से धन्यवाद देना चाहती हूं क्योंकि ये जनता के बहुत शुभचिंतक हैं और आजादी के बाद से आज तक जो जगह नहीं मिली थी, इनके कामों से हमें वह जगह मिल रही है। यह विषय भी आता है कि इतनी दूर सोचकर उसे धरती पर उतारना है। पहले पांच नदियों का समागम था, लेकिन आज 106 नदियों को जोड़ने की जो बात है, वह समय के अनुसार बहुत लाभ पहुंचायेगा। इसलिए हम चाहते हैं कि यह अंतर्देशीय जल परिवहन ईंधन गुणवत्ता के बिन्दु से परिवहन का सबसे सस्ता माध्यम माना जाता है। इसी के चलते विश्व समुदाय ने समुद्र मार्ग से जल परिवहन की व्यवस्था चला रखी है। इस अभियान से भारत भी अछूता नहीं है। देश के विकास में जल मार्गों का महत्वपूर्ण योगदान हो सकता है, क्योंकि जल परिवहन के साधन, ऊर्जा की खपत, आर्थिक लागत और पर्यावरण की दृष्टि से महत्वपूर्ण विकल्प हैं। इनसे ईंधन की बचत हो सकती है और इनके संचालन के लिए बड़े और खर्चीले निर्माण की भी आवश्यकता नहीं होती। अमेरिका, चीन और यूरोप के देशों में जल मार्ग परिवहन के मुख्य साधन हैं। भारत में भी आजादी से पहले, सदियों से यह परिवहन का मुख्य साधन रहा है, परन्तु आजादी के बाद इसकी उपेक्षा की गयी। परिणामस्वरूप आज सड़क और रेल परिवहन पर काफी दबाव बढ़ गया है।

इसलिए इस विधेयक की विशेषता का इस बात से पता चलता है कि एक हार्स पावर से ज्यादा सड़क क्षेत्र से सिर्फ 150 किलो और रेल मार्ग से 500 किलो भार ढोया जा सकता है, वहीं जल मार्ग क्षेत्र से 4000 किलो भार ढोया जा सकता है। विश्व बैंक के द्वारा किये गये एक अध्ययन के अनुसार जहां राजमार्ग द्वारा एक लिटर ईंधन द्वारा 105 टन किलोमीटर ले जाया जा सकता है, वहीं रेल द्वारा 85 टन किलोमीटर और सड़क मार्ग द्वारा सिर्फ 24 टन किलोमीटर माल ढोया जा सकता है। जल मार्ग से यातायात का खर्च 30 पैसे प्रति किलोमीटर आता है जबकि रेल मार्ग और सड़क मार्ग परिवहन में यही खर्च 1.5 रुपये प्रति किलोमीटर तक आता है। जापान और कोरिया जैसे देश भी जल मार्गों पर निर्भर हैं, जबकि भारत में यह अभी यातायात के लिए मात्र 3.3 प्रतिशत है। अध्ययनों से पता चलता है कि जल मार्गों द्वारा माल ढोये जाने के दौरान जहाजों के प्रति टन किलोमीटर 32 से 36 ग्राम कार्बन डाइआक्साइड का उत्सर्जन होता है। सड़क परिवहन में कार्बन डाइऑक्साइड प्रति टन किलोमीटर 51 से 91 ग्राम और 32 से 36 ग्राम हो जाती है। इन रिपोर्टों से पता चलता है कि जल परिवहन देश में भार वहन का सबसे सस्ता और पर्यावरण के लिए सबसे उत्तम माध्यम है। इस विधेयक के माध्यम से सरकार देश की नदियों को जलमार्ग से बदलने के लिए तैयार है। इसके अंतर्गत लगभग देश की 101 नदियों को जलमार्ग में तब्दील करने का प्रस्ताव है। इससे भूतल और रेल यातायात का बोझ कम होगा। देश का आर्थिक विकास होगा। देश की गरीबी कम होगी। आने-जाने में जो दिक्कतें हो रही हैं, कम होंगी। बिहार के माननीय सदस्य जिन नदियों का नाम ले चुके हैं, उन सारी नदियों को इसमें शामिल किया जाएगा तो बहुत अच्छा होगा।

मैं माननीय मंत्री जी का बहुत धन्यवाद करती हूं कि वह दिन में काम करते हैं और रात को सोचते हैं और सपना साकार करने के लिए यहां बैठे हैं। धन्यवाद।

SHRI N.K. PREMACHANDRAN (KOLLAM): Sir, I rise to fully support the Bill. I also take this opportunity to congratulate the hon. Minister Shri Nitin

Gadkariji for moving such a Bill. During the discussion on the Supplementary Demands for Grants, I have stated that the maximum expenditure in the Plan Expenditure is from the Road Transport and Shipping. There is an excellent performance on the part of the Ministry Road Transport as well as on the part of the Ministry of Shipping. I also take this opportunity to congratulate the hon. Minister and his Ministry for that.

The significance of inland water transport has already been narrated by most of the hon. Members of this House and I do not want to repeat it. The transport of hazardous substances is the most important thing. The inland water waterways transport system is the eco-friendly transport system. We are having 14,500 kilometres of inland waterways in our country. Unfortunately, we are not able to exploit the potential which we do have. That is a very sad picture even after 7 decades of our Independence.

I would like to suggest to the hon. Minister that if the Government is able to develop this potential, definitely it will be a record as far as our country is concerned. It will contribute positively to the GDP of our country. The economy of our country will definitely be boosted. So, I fully support this Bill.

Sir, development of waterways involves dredging, barge construction and operation, terminal construction and operation facilities for the navigation, etc. So many other facilities have to be provided for smooth navigation. Definitely it will result in an increase not only in GDP but also in employment generation. It will definitely be having a positive impact. So it is a welcoming step on the part of the Government in moving such a Bill. So, 106 more waterways are to be declared as national waterways.

My only concern, which I would like to share with this House, is regarding the cooperative federalism. My only submission is that whether the States have been taken into confidence while arriving at such a Bill or legislation? Since the time constraint is there, I am not going to explain the constructional aspects in the Union List. List 1, Entries 24, 30 and 56 – these will come within the purview of the Union List. I do accept it because shipping and navigation on inland waterways, as declared by the Parliament, are within the purview of the Government of India. But Entries 56 and 17 – Absolute authority is being given to the State on the subject of water. Water, appurtenant land and river bed are confined to the State Subject. The Statement of Objects and Reasons of this Bill says: "The enactment of the proposed legislation will in no way impinge on the rights of the State Governments for usage of water, ownership of appurtenant land, minerals, metal, sand, etc., rather usher in development of transportation and tourism in States." There is a little big of contradiction. It is because the appurtenant land is being used for the construction of the terminals and other facilities which will definitely affect. I am not objecting to it. But, how will this issue be addressed? That is the first point, on which, I would seek the clarification from the hon. Minister.

Secondly, there are certain principles for declaring a waterway as a national waterway. Studies had started from 1956-57. I am not going into the Study Reports. Almost all the Study Reports had come to a conclusion that for declaring a waterway as a national waterway, three conditions had to be fulfilled. First, it should possess the capability of navigation of mechanically propelled vehicles of a reasonable size. Secondly, it should have 45 metres width channel and 1.5 metres depth. Thirdly, it should be a continuous stretch of 50 kilometres.

I would like to know whether these three conditions are being fulfilled in the case of newly declared 106 National Waterways in this Bill.

Sir, I am coming to the issue regarding conflict of interest. Section 14 (1) of the Inland Waterways Authority of India is very specific. Many powers and functions are vested with the Inland Waterways Authority of India. Definitely, there is a conflict with the State interest and with the Inland Waterways Authority of India Act. As regards funding, the Minister's dream is absolutely fine.

Sir, now I come to my issue relating to my constituency. The hon. Minister may kindly see that the National Waterway No.3 was started in the year 1993. Still it is not completed. The most inefficient organization in the country is the Inland Waterways Authority of India. Nothing is being done. Still, the National Waterway No.3 is going on. Kindly complete the National Waterway No.3 in a time bound manner.

I will move my amendments at the appropriate time.

Thank you very much.

SHRI K. PARASURAMAN (THANJAVUR): Hon. Chairperson, Sir, I would like to express my sincere thanks and gratitude to my beloved leader, hon. Chief Minister, Puratchi Thalaivi Amma for allowing me speak on the National Waterways Bill, 2015 in this august House.

Sir, the hon. Chief Minister, Puratchi Thalaivi Amma, has urged the Union Government for interlinking of peninsular rivers and also for the nationalization of rivers to facilitate economic development in the country. The Government has notified a Special Committee for Interlinking of Rivers, as requested by our beloved leader, Puratchi Thalaivi Amma, on 3rd June, 2014. All Inter-State rivers should be nationalized so that water resources of the country are optimally utilized. The Union Government must look into this matter seriously and implement it in a time bound manner.

The Cauvery River is the lifeline of Tamil Nadu, particularly for the millions of farmers in the delta regions in Tamil Nadu. Our beloved leader, Puratchi Thalaivi Amma has been praised as '*Cauvery meetuedutha Cauverythaye*' by the people of Tamil Nadu for her outstanding success in the legal battle for restoring the rights of Tamil Nadu in getting water from the river Cauvery. With the notification of the final order of the Cauvery Water Disputes Tribunal, the scheme for modernization of the canal system in the Cauvery basin at a cost of Rs.11,421 crore may be accorded approval. This request of our beloved leader, Puratchi Thalaivi Amma, on 3rd June, 2104 may be approved at the earliest.

Under the guidance of the hon. Chief Minister, Puratchi Thalaivi Amma, the Tamil Nadu Government had submitted a proposal for extension, renovation and modernization of the Grand Anicut Canal in Thanjavur and Pudukkottai districts costing Rs.2,610 crore to the Central Water Commission, and the Commission also gave the in-principle consent. I would urge the Government to consider this important proposal and allocate the requested funds at the earliest for the speedy implementation of the Grand Anicut Canal project.

The hon. Chief Minister of Tamil Nadu, Puratchi Thalaivi Amma, had sought the assistance of the Union Government for the implementation of the proposal to divert the flood waters of the river Cauvery to drought-prone areas by linking the rivers Cauvery, Vaigai and Gundar at a cost of Rs.5,166 crore. This very important project benefiting the people of the dry track of the Southern Regions in Tamil Nadu was unreasonably kept pending and

later on returned by the previous Government. This project proposal should be approved expeditiously.

Now, the Union Government has evolved a policy for an integrated development of Inland Waterways throughout the country and has accordingly identified 101 new National Waterways apart from the five existing National Waterways.

The National Waterway-19 in Bhavani River will cover a length of 94 kilometres from Bhavanisagar Dam, Sathyamangalam to confluence of Bhavani and Kaveri. The National Waterway-51 in Kaveri-Kollidam River covers a length of 364 kilometres from Uratchikottai Barrage to confluence of River Kollidam with Bay of Bengal at Pazhaiyar. The National Waterway-66 in Manimutharu River covers a five kilometres stretch from Manimutharu Dam to confluence with Tamaraparani River near Aladiur.

HON. CHAIRPERSON : Please conclude, now.

SHRI K. PARASURAMAN : Please give me a minute, Sir. I am concluding.

The National Waterway-74 in River Palar covers about 141 kilometres of length from Virudampattu rail bridge, Villore to confluence with Bay of Bengal at Sadurangapattinam. The National Waterway-78 in Pennar River covers about 29 kilometres from Penna Barrage, Pothireddypalem to confluence with Bay of Bengal near Kudithipalem, National Waterway-93 in Tamaraparani River covers 64 kilometres stretch from Sulochana Mudaliyar bridge, Tirunelveli to confluence with Bay of Bengal near Punnaikayal.

HON. CHAIRPESON: Kindly conclude, now.

SHRI K. PARASURAMAN: The National Waterway-100 in Vaigai River covers 45 kilometres length from Barrage near Anai Patti to Viraganoor Dam...(*Interruptions*)

HON. CHAIRPERSON: Now, Shri Rahul Kaswan

SHRI K. PARASURAMAN: Sir, in the end, I would urge upon the Government to expedite the implementation of the interlinking of peninsular rivers and the nationalisation of all the rivers in the country as requested by our hon. Chief Minister Puratchi Thalaivi Amma to attain peace, prosperity and progress.

With these words, I conclude. Thank you.

SHRI RAHUL KASWAN (CHURU): Hon. Chairperson, I rise to support the National Waterways Bill, 2015.

Developing the waterways of our country to make it safer, most economical and environment-friendly, is the need of the hour. Due to a large network of feeder State highways, District roads and Village roads, the potential of National Highways has been exploited fully. However absence of such a network for Waterways has resulted in gross underutilisation of the potential of National Waterways. The State Governments have not been able to take adequate measures for the development and maintenance of Inland Waterways due to insufficient financial outlays, lack of expertise and other pressing priorities. Thus the Central Government has to take initiatives to develop this sector.

Sir, while the National Highways contribute to about 40 per cent of the road accidents today primarily due to trucks, using water transportation can reduce the number of road accidents and resulting casualties significantly, it also reduces treatment and rehabilitation costs to a great extent. Moreover the land acquisition for the Highways and Roads has been a major problem, which has not only evolved into a sensitive issue, it has also become a time consuming and costly exercise. Switching to water transportation would be the most viable option to reduce the dependency on roads, particularly for the transportation of bulk and oversized cargo. In addition to this, waterways have lots of tourist potential especially for pilgrimage as many famous pilgrim centres located on the river side.

Sir, currently, there exists five National Waterways, which have been declared so by the Central Governments by various Acts of Parliament. Development works on these National Waterways were taken up by the Inland Waterways Authority of India (IWAI), a statutory organisation, in the year 1986.

Since 1986, only five Waterways have been nationalized because of the extensive legislation involved in declaring each Waterway a National Waterway. Moreover only three National Waterways have the required infrastructure to be fully operational. For the rest two, the development work is still in progress. Thus the need for such an integrated Act was felt because with the introduction of the National Waterways Bill, 2015, the Government proposes to declare 101 Inland Waterways among 24 States as National Waterways in addition to the five existing National Waterways.

HON. CHAIRPERSON: Please conclude, now.

SHRI RAHUL KASWAN: Sir, the Confederation of Indian Industry stated that the Bill is expected to give a boost to inter-model shift from road and rail to waterways, thus ensuring reduced carbon footprint and cost. The cost of Waterways is barely 50 paise per kilometres when compared to Re. 1 for Railways and Rs. 1.5 for the Road sector. The proposed Bill can open significant private sector opportunities in the areas of dredging, barge construction and operation, barge repair facilities, terminal construction and operation, storage facilities, navigation , consultancy etc., which can positively contribute to the economic growth of the country. It is estimated that the development of the Waterways sector would entail investment of more than Rs. One lakh crore; and around one lakh employment opportunities would be created.

HON. CHAIRPERSON: Please conclude, now.

SHRI RAHUL KASWAN: Sir, please give me two minutes, more.

In the end, I would like to thank the hon. Minister for introducing this very important legislation in Parliament as it was the need of the hour. The Waterways of India have bourgeoning potential to lead India into a new era of development. This legislation will solve many problems, which have stood as roadblocks in the way realizing the full potential of the Waterways.

I would kindly request the Minister to look into the following suggestions: -

A time frame is required for the completion of the requisite studies for the development and utilization of the waterways;

The Government should take necessary follow up action on the Inland Water Transport Policy Document of 2001;

Replicate the successful model used for the development of the five existing waterways, onto the proposed 101 additional National Waterways;

And, look into the creation of a State Level Water Management Committee with representation from the State Government to increase efficiency and encourage decisions.

I support this Bill and I thank you

*__SHRI SAUMITRA KHAN (BISHNUPUR):__ Respected Sir, I am a Bengali, therefore I will speak in Bengali. We all know about National Highways and we also know about the state roads and transport systems. Now we see that transportation by in land waterways has started. Thus today, sitting in this august House, I must salute a person, Hon. Chief Minister of West Bengal, our respected leader, who has given me the opportunity to be elected as a Member of Parliament for the first time. It is because of her that I am able to deliver this speech here. I pay my heartfelt respect to our Didi.

India is a riparian country and many of its cities are on the banks of river. Since our childhood we have been reading about rivers and water bodies. All the races viz Aryans, Non-Aryans, Mughals, British have come to India through waterways. But today 69 years have passed. National Waterways was set up in 1987 like the National Highways. However it has not been developed any further. We find NH-1, NH-2 but do not see National Waterways 1, 5 or 6. For the first time we are going to have 101 new National Waterways and their numbers can be found beside the rivers just like Highways. This is really necessary. We have heard a lot about this Bill and we have also learned a lot from the discussion. But it should be remembered that river Ganga is a very important river on the bank of which lies the city of Kolkata. It was once the capital of India. The Waterway that was to link Kolkata and Allahabad has not been completed as yet. This Allahabad – Haldia Waterway should be completed as early as possible. The most important point is that the barges and boats which operate on the river should be given subsidies. Without subsidy nothing much can be achieved. People must be encouraged more and more to use the Waterways and for that subsidy is extremely necessary. In several rivers, water is available for only six months; what about the rest of the year when they are dry? As the fishermen are helped by the Government during lean reason, (our Hon. Chief Minster has extended support to the fishermen already) similarly, the boatmen should also be encouraged with subsidy. If that is done then the attempt to develop inland Waterways will be successful. With these few words I thank you for allowing me to speak and I conclude my speech.

श्री शरद त्रिपाठी (संत कबीर नगर): अधिष्ठाता महोदय, निश्चित ही आज भारतीय जलमार्ग का जो विधेयक आया है। इस पर हमारे बहुत सारे विद्वान साथियों ने बहुत सारे आंकड़े प्रस्तुत किए थे। लेकिन आंकड़ों को वास्तविकता में बदलने का काम हमारे विद्वान मंत्री जी ने किया है, जिसके लिए मैं उनको हृदय से बधाई देता हूं। बधाई देते हुए मैं हमारी विरासत पर चिंतन करने के लिए हमारा मन विवश हो जाता है कि जब भारत समृद्धशाली था, जब भारत शक्तिशाली था, जब भारत विश्वगुरू था तब भारत का जल मार्ग ही सबसे उन्नत हुआ करता था। भारत के जलमार्ग के व्यापार की जो व्यवस्था थी, उस व्यापार व्यवस्था को देखने के लिए, उस भारतीय जलमार्ग की विशेषताओं को देखने के लिए बहुत सारे व्यापारी भारत में व्यापार करने के लिए आए, जैसा कि ईस्ट इंडिया कंपनी भी आई और उसने व्यापार के माध्यम से हमारे देश के ऊपर अधिकार करने का काम भी किया।

महोदय, हमारी इस सरकार के बनने के बाद से जल तत्व की प्रधानता जीवन में और इस प्रकृति में सदैव रही है। इस शरीर में भी 90 प्रतिशत जल की मात्रा है। पूरे पृथ्वी पर लगभग 3/4 भाग जल की प्रधानता है। लेकिन वास्तविकता है कि जल के उपयोग और उपभोग को जब हम पहचानते थे, जब हमारी परम्परा रही थी, जल ही जीवन को जब हम आधार मानते थे तो हम इन नदियों की पूजा भी करते थे। उस समय हमारी परिकल्पना थी, हमारे देश की विरासत थी कि गंगा, सिंधु, कावेरी, जमुना, सरस्वती, रेवा, महानदी, गोदा, ब्रह्मपुत्रे पुनात्मा। इस माध्यम से हमारे प्रधान मंत्री जी ने जिस तरह से नमामि गंगे परियोजना को लाकर चार हजार करोड़ रुपये से ऊपर का बजट दिया है, उसी से प्रेरणा लेकर हमारे विद्वान मंत्री जी ने आज भारत को जलमार्ग के रूप में एक बहुत बड़ी सौगात देने का निर्णय लिया है। सरकार बनने के बाद ही सागरमाला परियोजना के आधार पर जिस तरह से इन्होंने नया कंसैप्ट देश में लागू करने का प्रयास किया और उसे आगे बढ़ाते हुए आज तटवर्ती क्षेत्रों को जो 106 तटीय राजमार्ग देने का काम कर रहे हैं, उससे मन आज यह सोचने पर विवश होता है कि निश्चित ही आने वाले समय में भारत के आयात-निर्यात माल की ढुलाई का जो आधार है, वह 90 प्रतिशत भाग जहाजों पर निर्भर है, लेकिन हमारी जो हिस्सेदारी है, वह मात्र दस प्रतिशत है। महोदय चूंकि आप समय की कमी के कारण मुझे बार-बार टोक रहे हैं, मुझे इस विषय पर बोलना बहुत कुछ था, लेकिन मैं माननीय मंत्री जी को बधाई देते हुए निवेदन करना चाहूंगा कि मैं उत्तर प्रदेश से आता हूं और उत्तर प्रदेश की घाघरा नदी को माननीय मंत्री जी ने इसमें सम्मिलित किया है, इसके लिए मैं उन्हें बधाई देता हूं और मैं चाहूंगा कि वह राप्ती नदी, जो नेपाल की तलहटी से निकलकर भारत के जलमार्ग के व्यापार का कभी आधार हुआ करती थी, यदि आप राप्ती नदी को भी इसमें जोड़ेंगे तो पूर्वी उत्तर प्रदेश के लिए यह एक विशेष सौगात होगा।

इसके अलावा इस जलमार्ग की व्यवस्था से माननीय मंत्री जी ने जो नई व्यवस्था दी है, इससे आने वाले समय में बाढ़ का भी प्रकोप कम होगा और किसानों को देशवासियों को भी इसका लाभ मिलेगा। आपने मुझे बोलने का समय दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं।

16.42 hours (Hon. Deputy Speaker *in the Chair*)

SHRI ARVIND SAWANT (MUMBAI SOUTH): Thank you Deputy-Speaker, Sir, I am standing here to heartily welcome and congratulate the hon. Minister for bringing up this National Waterways Bill. I knew the gentleman for a long time. Our Minister is such a man that whatever he speaks, he means it and what he means, he acts accordingly. Today, he has brought this Bill to resolve the issue of transportation. The highways are burdened; the railways are burdened and that is the only alternative we have. But nobody looked at it. There is a Minister who is looking at it. Therefore, in the beginning itself, I heartily congratulate him.

Sir, I have some suggestions to give as well as some clarifications to seek. We have rainfed rivers. When we need a minimum water level up to two metres, the rainfed rivers may not have that level continuously for 12 months. So, what exactly are we going to do? I think the waterways authority should have a techno-economic feasibility study of it. Then, after verifying the feasibility, they should propose for these 106 national waterways.

Then, for doing this, we need the financial support. But what is happening right now? The work on National Waterways 4 and 5 have slowed down for requirement of financial support. What financial support are we going to get to complete these projects?

Sir, for getting these projects cleared, we have to go through four different Acts – the Environment (Protection) Act, the Wildlife Protection Act, the Indian forest Act and then Coastal Regulation Zone notification. I request the hon. Minister to have a special body to coordinate with all the different Departments so that the issues are resolved immediately.

HON. DEPUTY SPEAKER: The hon. Minister will reply at 5:15 pm. I request you to please conclude so that other Members may get a chance to speak.

SHRI ARVIND SAWANT: I finish in just two minutes.

Sir, the river water is also used for irrigation, drinking, power generation and other purposes. There again the States have their own problems. So, we have to deal with the States also. I request the hon. Minister that in this respect let us have a committee at the State level. This Committee will coordinate with the Central Government and resolve the issues.

We have the headquarters only at Delhi. Why can we not have regional offices at the State-level also who will coordinate with you and the problem can be solved? I have said it a number of times that we need to do de-silting and dredging of all the ports because de-silting is not done. Right now, what has happened with the river Ganga? One cannot find a depth of two meter level in the Ganga base itself. Therefore, my request is that estimation regarding how much water is required has to be done and that estimation should be done on a weekly basis so that transportation can done.

Before concluding, I have two small suggestions. A Report has come from the Committee and the Committee has recommended that the following rivers / canals -- that have great potential for being considered to be developed as national waterways -- have not been considered in these 101 waterways mentioned here. I would like to request you that Vasai Creek to Kalyan, Mumbai to Dharamtar, Rajpuri means Murud or Dighi to Mumbai Vasai are to be incorporated here. I would request you to kindly incorporate these too in it.

I wholeheartedly support the Minister for bringing this Bill and giving a great sigh of relief to the entire country because of this development that is taking place today. Thank you, Sir.

श्री गोपाल शेट्टी (मुम्बई उत्तर) : उपाध्यक्ष महोदय, आपने मुझे इस बिल पर बोलने का मौका दिया, इसके लिए मैं आपका धन्यवाद करता हूँ। मैं माननीय मंत्री जी को बहुत-बहुत धन्यवाद देना चाहता हूँ कि जब कभी भी ट्रांसपोर्टिंग सिस्टम के बारे में इतिहास लिखा जाएगा तो नितिन गडकरी जी का नाम उसमें स्वर्ण अक्षरों में लिखा जाएगा, इस बात को सभी सदस्य मानेंगे। मैं बहुत छोटी सी बात बताना चाहूंगा कि इसी विभाग ने इनको बहुत बड़ा भी बनाया है, लेकिन इसी विभाग ने इनको महाराष्ट्र के मुख्य मंत्री पद से भी दूर रखने का काम किया है, मैं अपनी यह भावना भी यहां पर व्यक्त करना चाहता हूँ। ...(व्यवधान)

महोदय, वैसे देश भर में सभी लोगों ने इस बात को व्यक्त किया है कि जलमार्ग सबसे सस्ता मार्ग है। जलमार्ग में किसी भी प्रकार का मेंटेनेंस का खर्चा नहीं होता है। जैसे रोड़ ट्रांसपोर्ट में हम लोग साल भर में करोड़ों रूपये का खर्चा करते हैं और बहुत सी मैनपॉवर का भी उसमें उपयोग होती है। लेकिन एक मार्ग ऐसा है, जिसमें कोई खर्चा नहीं होता है, लेकिन उसके बारे में भी पिछली सरकरों ने इतने सालों तक कोई काम नहीं किया है। मुझे पूरा विश्वास है कि नितिन गडकरी जी आने वाले दिनों में इस क्षेत्र में भी अपनी क्रांति करते हुए दिखाएंगे और देश को बहुत आगे बढ़ाएंगे।

महोदय, जलमार्ग में एक्सिडेंट भी कम होते हैं। रोड़ पर इतने सारे एक्सिडेंट होते हैं, लोगों की जानें जाती हैं। मैडिकल डिपार्टमेंट और सिस्टम भी इसमें एंगेज होता है। जिन व्यक्तियों का एक्सिडेंट होता है, उनके घर-परिवार के अन्य व्यक्ति भी इसमें बहुत हैरान परेशान होते हैं, इसमें इतनी बड़ी हानि होती है। आने वाले दिनों में जितना हम जलमार्ग को बढ़ावा देंगे, उतना ही देश की जीडीपी आगे बढ़ेगी, लोगों को काम-काज करने का मौका मिलेगा। इस बिल के माध्यम से विचार व्यक्त करते हुए मैं अपने क्षेत्र का छोटा सा निवेदन करना चाहूंगा। मुंबई में वरसोवा से मडजेट्टी रोड़ तक महाराष्ट्र सरकार ने एक नया नियम बना कर जलमार्ग से एक फेरीबोट का सुविधा उपलब्ध करा कर दी है। हमारे कोली समाज के लोग दस रूपये में वहां यात्रा सुविधा की सर्विस दे रहे थे। उसे कस्टम डिपार्टमेंट के लोगों ने बंद करने का काम किया है। मैं एक सांसद के नाते पांच-छह महीनों से केंद्र सरकार के पीछे पड़ा था। मैं मंत्री महोदय जयंत सिन्हा का धन्यवाद देना चाहूंगा कि उन्होंने परमिशन दी है, लेकिन मैं माननीय नितिन गडकरी जी के माध्यम से इस विषय में यह मांग करना चाहूंगा कि उन्हें इस विषय पर ध्यान दे कर संबंधित अधिकारियों की इंक्वायरी भी करनी चाहिए। वहां पर एक *â€¦* नाम का आदमी दिन भर कोई काम नहीं करता है, मुफ्त में पगार लेता है और दिन भर शराब पी कर लोगों को परेशान करता रहता है।

HON. DEPUTY SPEAKER: The officer's name will not go on record.

...(*Interruptions*)*â€¦*

श्री गोपाल शेट्टी : गलत रिपोर्टिंग दे कर इस जलमार्ग को उसने बंद करने का काम किया है, जिससे सामान्य लोगों को बहुत परेशानी हुई है। मैं गडकरी जी से निवेदन करूंगा कि वे इसके बारे में इंक्वायरी करें। *â€¦* के साथ-साथ में जो कस्टम डिपार्टमेंट के ऑफीसर्स हैं, उसकी भी इंक्वायरी कर के पूरी रिपोर्ट सदन को पेश करें। मैं इस प्रकार का निवेदन करना चाहता हूँ।

धन्यवाद।

SHRI KESINENI SRINIVAS (VIJAYAWADA): Thank you, hon. Deputy-Speaker, Sir. I commend the efforts of Shri Nitin Gadkari and the NDA Government for bringing the National Waterways Bill to the Parliament and bringing focus to the development of inland waterways in the country.

Inland waterways are the most cost-effective of the three modes of transport, namely, air, rail and road. It is cost-effective, environment-friendly

and also a fuel-efficient mode of transport.

The National Waterway-4 connects Andhra Pradesh and Tamil Nadu. The State Government, under the leadership of Shri N. Chandrababu Naidu, is eager to operationalize the Buckingham Canal as a part of the National Waterway-4 Project connecting Kakinada to Puducherry through canal system *via* Chennai. The overall project is estimated to cost Rs. 3426 crore. The segment of facility in Andhra Pradesh is 888 kilometres, which is expected to cost Rs. 2800 crore. The Government's Infrastructure Mission envisages construction of eight terminals at Kakinada, Rajahmundry, Eluru, Kothapatnam, Mypadu, Dugirajapatnam, Vijayawada and Tadepalligudem. I would request the hon. Minister to take up the matter with the Tamil Nadu Government and support Andhra Pradesh in operationalisation of NW-4 at the earliest.

I would request the Government to look into the development of canals in Vijayawada City also. Vijayawada is a City of Canals. It is having three canals in the City, which is my constituency. However, these canals have become no more than drains. I would request the Central Government to allocate funds for rejuvenation of the canal network in Vijayawada and beautification of areas surrounding the canals. It is our endeavour to provide open recreation spaces to the people of the City and what better place to start than with the canals in Vijayawada City.

While the Bill is welcome and is an enabling feature for the development of inland waterways in the country, I would like to draw the attention of the Minister to certain important aspects that are a hindrance to the same.

The 223rd Report of the Parliamentary Standing Committee on National Waterways Bill notes that the Inland Waterways Authority of India (IWAI) is seriously understaffed with the sanctioned strength of only 419 permanent staff members. If IWAI is to carry out its functions efficiently, it is most important to enhance its capacity, both in terms of human resources and finances. The Twelfth Five-Year Plan has made an allocation of Rs. 1500 crore to IWAI, which was just Rs. 35 crore in the entire Eighth Plan period. Thus, this is a significant improvement, but in front of the mammoth investments required for the development of waterways, the amount allocated is peanuts. In development and creation of waterways of a width of 30 to 40 metres and a drought of two to three metres, retention of water levels throughout the year and removal of encroachments pose a major challenge. The existing bridges over the river should be redesigned. These activities involve significant finances and hence the allocation made to IWAI should be enhanced.

Further, there is a question of coordination between the Centre and the State. The Standing Committee Report recommending the creation of a State Level Water Management Council with representatives from the State Government should be considered for overseeing the development of national waterways and to resolve the issues at State level only. The decentralisation would, no doubt, speed up the process of waterways development.

Most of the rivers are in the eco-sensitive zone and thus require environmental clearances for any construction activity to take place. Provisions of the Environmental Protection Act, 1986; the Wildlife Protection Act, 1972; the Indian Forest Act, 2006; and the Coastal Regulation Zone Notification will apply to these waterways. As such, getting these required clearances for these number of waterways would not be so easy. For this purpose, a Special Cell may be created

with the consent of the Heads of the Ministries concerned so that the probable bottlenecks at every stage may be cleared without any hindrances. I believe that the National Waterways Bill is a step in the right direction. I congratulate the Minister for taking up the development of inland waterways in a serious manner. We welcome the Bill. Thank you.

श्री चिन्तामन नावाशा वांगा (पालघर): महोदय, मैं राष्ट्रीय जलमार्ग विधेयक, 2015 को सपोर्ट करने के लिए खड़ा हुआ हूँ। मैं प्रधानमंत्री जी और गडकरी जी को धन्यवाद देना चाहता हूँ कि वे एक अतिमहत्वपूर्ण और क्रान्तिकारी कानून हाउस में लाए हैं। गडकरी जी के बारे में क्या कहूँ, महाराष्ट्र में इन्हें रोडकरी कहते हैं।

जब मुम्बई से पूना एक्सप्रैस हाईवे बनाना था तो किसी को भी नहीं लगता था कि पूना के लिए रोड बनेगा, लेकिन इन्होंने बनाकर दिखाया। बाद में मुम्बई में बांद्रा से लेकर कोस्टल हाईवे वर्ली तक बनाया। जब उसका प्लान बनाया, भूमि पूजन हुआ तो लोगों ने इसको क्रिटिसाइज़ किया कि समुद्र में तीन-चार किलोमीटर तक ब्रिज कैसे बनाएँगे, लेकिन वह भी कम खर्चे में इन्होंने बनाकर दिखाया। प्रधान मंत्री सड़क योजना का भी इनको श्रेय देना चाहिए। अभी लैंड एक्वीज़ीशन एक्ट सदन में आया तो हमारे अपोजीशन के मित्रों ने उसको अपोज़ किया। तब मुझे भी लगता था और गडकरी साहब को भी लगता होगा कि लैंड एक्वीज़ीशन में लोग रोड के लिए अपोज़ कर रहे हैं। अभी रोड बना रहे हैं तो हमें सोचना चाहिए कि आल्टरनेट क्या हो सकता है? जो नेशनल वाटरवेज़ कानून आएगा, इसमें भी लैंड एक्वीज़ीशन में जैसे ज़मीन मिलने के लिए प्राबलम आ रही थी, इसमें भी वैसा कुछ हो सकता है क्योंकि वाटरवेज़ के लिए जो नदियों का उपयोग किया जाएगा, तो नदियों का पानी तो स्टेट सब्जैक्ट है। वाटर लैवल के बारे में भी कानून में कुछ करना पड़ेगा।

महोदय, देश में जो नए नेशनल वाटरवेज बनाने की बात है, इसका सबसे ज्यादा लाभ महाराष्ट्र को मिलेगा। पश्चिम बंगाल को भी 14 वाटरवेज़ का फायदा मिलेगा और महाराष्ट्र को भी डायरैक्टली या इनडायरैक्टली 14 वाटरवेज़ का फायदा मिलेगा। मेरे क्षेत्र में उल्हास रिवर पर कल्याण, ठाणे और मुम्बई का जो समावेश किया है, इसका लाभ तो बहुत होगा। अभी मुम्बई में जाने के लिए मुम्बई अहमदाबाद हाईवे है। वह भी 6 लेन का है। इस साल 2016 से वह 8 लेन का हो जाएगा। बड़ौदा से लेकर मुम्बई एक्सप्रैसवे जा रहा है। कोस्टल हाईवे का भी कंस्ट्रक्शन का काम चालू है लेकिन तीन एक्सप्रैस हाईवे होने के बाद, जबकि पूना से भी एक्सप्रैस हाईवे आता है, दूसरी रोड आती है, नासिक से भी रोड आती है, लेकिन मुम्बई के लिए जो पब्लिक आती है, उसमें ओवरक्राउडिंग हो जाती है जिस कारण मुम्बई में भी बहुत प्राबलम आ रही है। ...(व्यवधान)

SHRI GEORGE BAKER (NOMINATED): I thank you, hon. Deputy-Speaker for giving me this opportunity to speak in this august House. I should like to congratulate our progressive NDA Government under the wonderful leadership of our Pradhan Mantri Shri Narendra Modi. I should also like to congratulate Shri Nitin Gadkari on this wonderful National Waterways Bill which he has brought in to this House today.

I would only like to say that a little attention be paid to some of the most neglected parts of the country, that is, the North-Eastern India where we have the mighty Brahmaputra. It requires a tremendous amount of dredging. If that dredging is done, we can save thousands of lives and thousands and thousands of acres of arable land and also the State of West Bengal which requires this dredging right from Murshidabad and beyond up to the

mouth of the Bay of Bengal. If it is done properly, there will be absolutely a perfect waterway. At the same time, it would prevent a lot of flooding in the whole of West Bengal where annually a lot of the tax-payers' money goes in providing relief. Let us use that money for the purpose of building and doing something concrete for the beauty of the country.

-

SHRI RAMEN DEKA (MANGALDAI): Mr. Deputy Speaker, Sir, the National Waterways Bill is a welcome step in connecting the rivers in the country. Rivers are dying in some parts and there are floods in other parts of the country. Inter-connecting the rivers can solve this problem. From times immemorial, river routes in the country have been the main mode of transportation and civilization grew on the banks of rivers in our country.

I come from Assam. As our hon. colleague George Baker said and we agree with him, Brahmaputra is a mighty river. During British era and earlier to that the river route of Brahmaputra was the only route of transportation. After partition, the transportation business has gone down day by day. Owing to that, transportation cost increased and people of the North-Eastern States have suffered.

Sir, I rise to support the Bill. I request the hon. Minister to emphasise on development of river ports on Brahmaputra as well as in the Barak Valley for hassle-free transportation. Passenger transportation can increase with inter-State tourism and with tourists coming from abroad. Infrastructure in this sector in Assam is very poor. I hope the hon. Minister will take note of this point and develop Brahmaputra's infrastructure to pave the way to play a major role in waterways.

Once again, I thank our hon. Minister for this Bill. Thank you.

SHRI MD. BADARUDDOZA KHAN (MURSHIDABAD): Mr. Deputy Speaker, Sir, I would confine my speech to inland waterways, Allahabad-Haldia stretch of Ganga-Bhagirathi-Hughli river. No doubt it is the safest and cheapest carriage system so far.

Sir, imported coal from Indonesia is being carried through river Bhagirathi from Haldia to Farakka, NTPC, by big-size ships and vessels. When such vessels travel through the rivers, huge waves are formed. When such waves hit the banks of the river, erosion takes place. And this erosion is affecting both the banks of the river.

I am not an expert but I have a few suggestions to make in this regard. If we do some regular dredging in the riverbed, such erosion can be stopped. We have to repair the embankment of the river on a regular basis. Then we can stop this erosion.

I urge upon the Government to send an expert team to survey the actual ground situation and take a report from them and do the needful. This is my submission. Thank you.

श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत (जोधपुर) : उपाध्यक्ष महोदय, मैं लोक सभा में पश्चिमी राजस्थान का प्रतिनिधित्व करता हूं, जहां पानी की कमी है और हम पीने के पानी के संकट से भी जूझ रहे हैं। आपने फिर भी मुझे इस महत्वपूर्ण बिल पर बोलने का अवसर दिया, इसके लिए मैं आपका धन्यवाद ज्ञापित करना चाहता हूं और साथ ही साथ माननीय नितिन गडकरी जी को, जिन्होंने एक युगद्रष्टा के रूप में भारत के मेक इन इंडिया प्रधानमंत्री जी का जो कार्यक्रम है, जो सपना है, उसको सच करने के लिए जिस चीज़ की सबसे बड़ी आवश्यकता है, जिस चीज़ की सबसे बड़ी कमी है, उसको पूरा करने के लिए वाटरवेज़ की एथॉरिटी बनाकर 101 नये जलमार्ग बनाने का प्रावधान किया है।

मैं पश्चिमी राजस्थान के जिस क्षेत्र से आता हूं, उस क्षेत्र का राजस्थान का एक किनारा जालौर जिले में सांचौर से लगता है, सांचौर से लेकर के रण ऑफ कच्छ तक पूरी जमीन का जो कंटूर लेवल है, वह एक ही जैसा है। माननीय गडकरी जी जब जोधपुर आये थे, तब भी मैंने निवेदन किया था कि उस पूरे क्षेत्र में यदि ड्रेजिंग की जाये और सरस्वती से लेकर सांचौर तक यदि ड्रैजिंग करके एक कैनाल बना दी जाये, जिस तरह कि कृत्रिम कैनाल स्वेज़ नहर बनाई गई है, यदि उस तरह की कैनाल बना दी जाती है तो पूरे क्षेत्र में एक नये पोर्ट का निर्माण हो सकता है और उस नये पोर्ट के निर्माण करने के कारण से पूरे उत्तर भारत का जितना भी निर्माण क्षेत्र है, जितनी भी इण्डस्ट्रीज़ हैं, उनके लिए पोर्ट का एक्सेस 600 किलोमीटर पहले हो जायेगा। उसके कारण से हमारी इकोनॉमी प्रभावित होगी। जिस तरह की बातें अभी इस बिल पर चर्चा के समय में की गयी हैं कि जो कॉस्ट-इफेक्टिवनेस है, जो पॉल्यूशन के कम होने की बात है, तो इससे उन सब को बल मिलेगा और पूरे पश्चिमी राजस्थान को फायदा होने के साथ-साथ राजस्थान की इकोनॉमी का विकास होने के साथ-साथ पूरे उत्तर भारत के मैन्यूफैक्चरर्स को इसका फायदा होगा।

श्री राजेश रंजन (मधेपुरा) : उपाध्यक्ष महोदय, हमारे कई माननीय सांसदों ने कहा कि मंत्री जी बहुत विद्वान हैं। विद्वान तो मनमोहन सिंह जी भी थे। वे बहुत ईमानदार व्यक्ति थे। उन्होंने ही पहली बार वित्त मंत्री के रूप में भारत में आर्थिक उदारीकरण को लाने की बात की। लेकिन, वही व्यक्ति जब देश के प्रधान मंत्री थे, तो उन्होंने भारत के 80औ गरीबों के लिए फूड सिक्यूरिटी बिल लाने का काम किया। आप सोच सकते हैं कि ऐसे विद्वान वित्त मंत्री दुनिया में भारत को आर्थिक उदारीकरण के माध्यम से ले जाना चाहते थे और फिर अपने ही देश के प्रधान मंत्री के रूप में उन्होंने 80औ गरीब जनता के लिए फूड सिक्यूरिटी बिल लाए। इसलिए आज जरूरत इस बात की नहीं है कि कौन विद्वान है, पर जरूरत कर्म की है। मैं जानता हूं कि माननीय मंत्री जी के भीतर कर्मयोगी की ताकत है। जब तक कोई व्यक्ति युगद्रष्टा नहीं होगा, तब तक वह कुछ नहीं कर पाएगा। आप सत्ता में बैठे हैं। जब आप सत्ता में रहकर कोई चीज़ बनाते हैं तो आपको लगता है कि पब्लिक इसके बारे में क्या सोच रही है, हम इसे करें या न करें? आपका बहुत सारा वक्त यह सोचने में चला जाता है कि इसे हम करें या न करें? अगर हम इसे करेंगे, तो क्या होगा? यह हमारे खाते में रहेगा या दूसरे के

खाते में चला जाएगा? क्या हम फिर लौट कर सत्ता में आ पाएंगे या नहीं? जो भारतीय लोकतांत्रिक और राजनीतिक व्यवस्था है, उसके बारे में आप भी जानते हैं कि वोट के आधार पर आकर सत्ता का पूरा का पूरा केन्द्रीकरण रूक जाता है। हम उसमें नहीं जाना चाहेंगे। सभी माननीय सदस्यों ने उसके बारे में सब कुछ कहा है। मैं जानता हूं कि माननीय मंत्री जी के भीतर दृढ़ इच्छा शक्ति है। निश्चित रूप से इसमें ठकुरसुहाती की कोई बात नहीं है। हम कोई मुंहदेखी बात नहीं करेंगे। आपने ग्रीन वैली के बारे में भी कहा है कि आप रोड के बगल में किस तरह से उसे बनाने जा रहे हैं। यहां सभी राजनीतिक लोग बैठे हुए हैं। हमारी जो सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक व्यवस्था है, इसके बारे में मैं कहना चाहूंगा कि अगर हम इस देश की गरीबी को समाप्त किए बगैर इस देश को विश्व गुरू बनाने की कल्पना करते हैं, तो यह संभव नहीं है।

महोदय, यह जो बिल है, मैं निश्चित रूप से इसके पक्ष में बोलने के लिए खड़ा हुआ हूं। सभी लोगों ने इस बिल के बारे में कहते हुए चीन से लेकर सभी ज़गहों की तरक्की की बात की। पहले हम चीन से ऊपर थे और आज हम चीन के नीचे कहां हैं और किस स्थिति में हैं, मैं इसके ऊपर कहना चाहूंगा। हम सिर्फ इतना कहना चाहेंगे कि हम पूरी दुनिया से 80 तेल आयात करते हैं।...(व्यवधान)

उपाध्यक्ष महोदय, बिहार के बारे में हम माननीय मंत्री जी से कहना चाहेंगे कि बिहार में कोसी, महानंदा, गंडक, पुनपुन, सोन नदियों की जो स्थिति है, आप कुरसेला तक चले जाएं, चाहे मनिहारी चले जाएं, चाहे काढ़ागोला चले जाएं, तो हम आपसे आग्रह करना चाहेंगे कि कोसी इस देश की सबसे भयंकर नदी है। महानंदा सबसे बड़ी नदी है। हम पूछना चाहेंगे कि आप अपनी इस परियोजना में कोसी, महानंदा, गंडक, पुनपुन नदियों के साथ मनिहारी के बंदरगाह को और कुरसेला बंदरगाह को अच्छा कैसे बनाएंगे, क्योंकि मनिहारी के बंदरगाह को बनाए बिना आप इसे व्यवस्थित नहीं कर सकते हैं?...(व्यवधान)

श्री भानु प्रताप सिंह वर्मा (जालौन) : उपाध्यक्ष महोदय, आपने मुझे 'राष्ट्रीय जलमार्ग विधेयक, 2015' पर बोलने का समय दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं।...(व्यवधान) मैं विशेष तौर से माननीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी जी का स्वागत करना चाहता हूं कि उन्होंने हमारी यमुना नदी को अन्य नदियों के साथ-साथ जलमार्ग बनाने के कार्यक्रम हेतु लिया है। इसके लिए मैं उन्हें धन्यवाद देना चाहता हूं।...(व्यवधान) यमुना नदी, जो दिल्ली, वृंदावन, मथुरा, आगरा, बटेसर, इटावा, कालपी, हमीरपुर, इलाहाबाद होते हुए कोलकाता तक जाती है। इस नदी पर अगर जलमार्ग बनेगा तो निश्चित ही हमारे दिल्ली की जो रोड्स हैं, हम लोग कानपुर या इलाहाबाद जाते हैं, तो इसी नदी के किनारे-किनारे सारी रोड्स बनी हुई हैं। अगर जलमार्ग बनेगा तो निश्चित ही हमारे क्षेत्र के लोगों का या हमारी जनता का जो ज्यादा पैसा खर्च होता है, वह निश्चित रूप से कम खर्च होगा। विशेष तौर से मैं इसलिए यह बात कहना चाहता हूं क्योंकि राष्ट्रीय जलमार्ग ईंधन बचाने वाला, कम खर्च करने वाला, पर्यावरण एवं जनहानि को बचाने वाला है। विशेष तौर से पर्यावरण पर मैं इसलिए कहना चाहता हूं कि इटावा से लेकर हमीरपुर के कोने तक यमुना नदी में बालू खनन होता है। वहां पर्यावरण की जो परिस्थितियां पैदा हो गई हैं, निश्चित रूप से जलमार्ग बनने से इन सारी चीजों पर विराम लगेगा और उस क्षेत्र को लाभ मिलेगा।

मैं मंत्री जी से प्रार्थना करना चाहता हूं कि डेढ़ सौ साल पहले हमारे कालपी नगर से व्यापार होता था। वहां पर एक टर्मिनल बना हुआ था। आपसे प्रार्थना है कि स्टेशन बनाते वक्त कालपी नगर को ले लिया जाए तो निश्चित ही उस क्षेत्र को ज्यादा से ज्यादा लाभ होगा। इन्हीं शब्दों के साथ मैं आपको धन्यवाद देते हुए अपनी बात समाप्त करता हूं।

श्री एस.एस.अहलुवालिया (दार्जिलिंग): महोदय, नेशनल वाटरवेज बिल, 2015 के अमेंडमेंट के लिए यह विधेयक लाया गया है। वर्ष 1985 में तत्कालीन प्रधानमंत्री श्री राजीव गाँधी के नेतृत्व में नेशनल वाटरवेज अथॉरिटी ऑफ इंडिया एक्ट, 1985 बना था और उस वक्त यह सोच आई थी कि किस तरह से जलमार्ग में उन्नति की जाए, इसलिए यह अथॉरिटी बनाई गई थी। हम जब अपने घर में देखते हैं, पुराने घरों में जाकर देखिए, एक तस्वीर हुआ करती थी कि नाव जा रही है, दरिया के मझधार में है और मझधार से बालू निकाला जा रहा है और बालू निकालकर किनारे पर लाया जा रहा है। वह एक शिक्षा देती थी कि गहराई अगर नदी की बढ़ाई जाएगी तो बाढ़ से बचा जाएगा। यह वाटरवेज करने के लिए हमारे विद्वान मंत्री जी ने जो इनकी दूरदर्शिता है, सब उसके कायल हैं, मैं भी हूँ और मैं समझता हूँ कि यह जो उन्होंने 101 नदियों को नेशनल वाटरवेज के तहत लाने की कोशिश की है, यह एक अच्छी पहल है और इसका स्वागत हर एक जगह से होना चाहिए। सिर्फ 5 का तो अभी उल्लेख है, किन्तु 101 चिन्हित हुई हैं और भी आगे चिन्हित होंगी, पर सबसे पहले जो जरूरत है, वह ड्रेजिंग ऑफ रिवर बेड है।

मैं एक ऐसे क्षेत्र से आता हूँ बेगूसराय, वैसे मैं दार्जिलिंग का प्रतिनिधि हूँ, पर बेगूसराय में गंगा की विभीषिका को देखने का मौका मिलता है, जब जलमग्न हो जाते हैं, रातों-रात गाँव के गाँव गंगा निगल जाती है। जो गंगा मैय्या को लोग माँ के रूप में पूजते हैं और सब कुछ वरदान माँगते हैं, वही गंगा मैय्या जब विभीषिका के रूप में आती हैं तो उसको अभिशाप देते हैं। यह जो हमारे कारनामे हैं, यह उसी के कारण है। अगर हमने यह किया होता, ड्रेजिंग किया होता, गहराई बढ़ जाती और बंधन के रूप से पानी बहता। आज हमें सिर्फ ड्रेजिंग की नहीं, नेविगेशन की जरूरत है। नेविगेशन के साथ में हमें पुलिस की जरूरत है, पुलिस स्टेशन फॉर रिवर्स। पुलिस स्टेशन की जरूरत है और पुलिस के बोट्स की जरूरत है। ट्रवर्स चल सकते हैं और इलाहाबाद से लेकर हावड़ा तक, हुगली तक जाने का रास्ता बन सकता है।

तमिलनाडु की महिला जानकार सदस्या ने चर्चा आरम्भ की, उन्होंने पूरे साउथ की सारी नदियों को गिनाया। गंगा, गोदावरी, सरस्वती, कृष्णा, कावेरी, यमुना इन सबको लेकर हमारे यहाँ पर जो परिवार हैं और जो पानी की हमारे पास सम्पदा है, उसका सही सदुपयोग करना है तो ड्रेजिंग, नेविगेशन, पुलिस स्टेशन, जैसे रेलवे स्टेशन हैं, वैसे हमें रिवर स्टेशन बनाने पड़ेंगे। जहां पर माल की ढुलाई हो सके और माल उतारा जा सके। इससे रोजगार के क्षेत्र में एक नया आयाम मिलेगा। जितने पुराने शहर हैं, वे सारे नदियों के किनारे बसे हुये हैं और आज वे सारी सुविधाओं से वंचित हैं। अगर आज हम जलमार्ग आरंभ करेंगे, तो वहां

पर फिर से नया जीवन आ जायेगा, खुशहाली आ जायेगी और विकास होने लगेगा, उनकी व्यवस्था करने के लिए एक अच्छे रास्ते से इसको किया जाये, इसके लिए पूरा इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार किया जाये तो मैं समझता हूं कि विकास का कदम जलमार्ग के माध्यम से राजमार्ग की अपेक्षा ज्यादा तीव्र गति से हो सकेगा। धन्यवाद।

श्री वीरेन्द्र सिंह (भदोही) : मैं एकदम संक्षेप में ही कहूंगा क्योंकि ज्यादा कहने पर हल्ला हो जाता है।

उपाध्यक्ष महोदय, हमारे परिवहन मंत्री इस देश के बहुत दिनों तक परिवहन मंत्री रहे हैं, इनको थोड़ा खराब लगेगा, लेकिन हम जनता के नाते कह सकते हैं कि आप शाश्वत परिवहन मंत्री रहेंगे तो अच्छा होगा। अभी आप सड़क पर चल रहे हैं और जल मार्ग पर चल रहे हैं, लेकिन हवा मार्ग एवं रेल मार्ग बाकी है। मनोज जी रेल चला रहे हैं, लेकिन स्थल मार्ग और जलमार्ग आपके मंत्रालय के अधीन है।

इलाहाबाद से लेकर हावड़ा तक जल परिवहन का रास्ता बहुत पुराना रास्ता है। किसान उस परिवहन के माध्यम से अपनी उत्पादों को दूसरे जगहों पर बहुत सस्ते दाम में ले जाते थे। पूर्वी उत्तर प्रदेश का बहुत बड़ा इलाका भारी मात्रा में घी पैदा करता था। घी का ट्रांसपोर्टेशन उस जल मार्ग से होता था, वह बंगाल जाता था। मैं परिवहन मंत्री जी से निवेदन करूंगा कि इलाहाबाद से पूरब की तरफ के जलमार्ग के जो स्टेशंस बनें, वे सड़कों से गांव तक जोड़ दिए जायेंगे तो किसानों को आने-जाने में सुविधा हो जायेगी। वे अपने माल को वहां तक पहुंचायेंगे और उन्हें वहां से दूसरी जगह माल ले जाने में सुविधा हो जायेगी।

उत्तर प्रदेश और बिहार से भारी तादाद में लोग, बंगाल से लेकर यहां तक के गांव के छोटे-छोटे किसान सब्जी, फल और दूध का काम करते हैं, उनके लिए विशेष व्यवस्था हो, नदियों पर जो छोटे-छोटे घाट बने हैं, उन पर स्टेशंस बन जायें ताकि जैसे मेल गाड़ी पकड़ने के लिए पैसेंजर गाड़ी की सुविधा होती है, उसी तरह की सुविधा लोगों के लिए उपलब्ध हो जायेगी तो जिस उद्देश्य से यह बिल लाया गया है, उसका लाभ किसानों, छोटे कामगारों और खेतीहर मजदूरों को भी मिलेगा। मैं परिवहन मंत्री जी से यह निवेदन करता हूं कि मेरे भदोही संसदीय क्षेत्र में बहुत पुराने जमाने में एक ट्रांसपोर्टेशन का केन्द्र होता था, मैं आपको जानकारी देता हूं कि भारी मात्रा में वहां से भारी मात्रा में घी का गाजीपुर, बनारस, बलिया, भदोही और इलाहबाद में ट्रांसपोर्ट होता था। वहां के लिए विशेष व्यवस्था करते हुए, हमारे क्षेत्र में जलमार्ग का एक विशेष स्टेशन बन जाये। मैं भदोही में आपको ले जा कर उनका उद्घाटन भी कर दूंगा।

PROF. RICHARD HAY (NOMINATED): Hon. Deputy Speaker, Sir, I may be permitted to speak only on four issues. First is about the development of the Azhikkal sea port at Kannur. If developed, it can become one of the best natural sea ports in India and would facilitate foreign trade. As nearby there are a lot of rivers, a network of Indian Waterways can be developed in that region which would facilitate Indian trade also.

Secondly, stringent measures are to be adhered to ensure safety of passengers in the light of frequent accidents in the water transport system in Kerala. There are tragic incidents which have taken place over the years in Kerala. There is a lot of possibilities to develop water canals from Calicut area to Sultanpet in Kasargod, that is, North Kerala, which can be easily connected for the purposes of promoting tourism as well as movement of goods and people.

Thank you.

श्री रवीन्द्र कुमार पाण्डेय (गिरिडीह) : उपाध्यक्ष महोदय, मैं सर्वप्रथम माननीय मंत्री जी का आभार व्यक्त करूंगा और बधाई भी दूंगा। मैं माननीय मंत्री जी द्वारा लाए गए बिल के पक्ष में बोलने के लिए खड़ा हुआ हूं। आशा ही नहीं बल्कि पूर्ण विश्वास है कि मंत्री जी द्वारा समय से पहले इस योजना को पूर्ण कर लिया जाएगा। हम इसमें दो-तीन बातें जोड़ना चाहेंगे। पहला, झारखंड प्रदेश में साहबगंज एक जगह है। उस क्षेत्र से भी इसे जोड़ने का कार्यक्रम हो। वहां से जलमार्ग से बंगाल जाने का रास्ता है। अगर हम देखें तो स्वर्णरेखा और सोन नदी है। उस पर भी आगे की योजना बने। झारखंड प्रदेश में दामोदर नदी डायरैक्ट बंगाल की खाड़ी में मिलती है। हम मंत्री जी का ध्यान इन सारे विषयों पर आकृष्ट कराना चाहेंगे। इन्होंने राष्ट्रीय राजमार्ग में जो काम किया है, उसके लिए भी इन्हें बधाई देना चाहेंगे। बहुत-बहुत धन्यवाद।

डॉ. महेन्द्र नाथ पाण्डेय (चन्दौली) : उपाध्यक्ष महोदय, आपने मुझे जल परिवहन के क्षेत्र के बारे में बोलने की अनुमति दी, इसके लिए धन्यवाद। मैं माननीय गडकरी जी द्वारा लाए गए विधेयक का समर्थन करता हूं। मैं उन्हें अभिनन्दन देना चाहूंगा कि 1985 से जो विषय लंबित था, उसे वे व्यापक फलक पर लाए। इससे उत्तर भारत में ऐश्वर्य की वृद्धि, भगवान सत्यनारायण की कथा में सूरत वैश्य की कथा होती है। जल परिवहन के अंदर डूबे जहाज और फिर पुन: आने के बाद, इससे पूरा व्यवसाय जुड़ा हुआ है। हम इसका भरपूर समर्थन करते हैं। हमारे बंगाल के साथी हमारी इस बात से सहमत होंगे कि यह गरीबों के लिए बहुत उपयोगी माध्यम है। आज बंगाल में नदियों के माध्यम से गंगा सागर बैल्ट तक बहुत जगह इतने कम किराए में सरकारी कर्मचारी, मध्य वर्गीय, गरीब मजदूर जिस तरह अपनी यात्रा पूरी करते हैं, इतनी सस्ती यात्रा भारत ही नहीं बल्कि दुनिया में कहीं नहीं होगी। इन्होंने बहुत ही उल्लेखनीय काम किया है। पांच महत्वाकांक्षी योजनाएं - इलाहाबाद, वाराणसी, हल्दिया, गंगा का जल परिवहन है, उसमें कैथी और बलुआ दो बड़े उपयुक्त स्थान हैं। कैथी से जल परिवहन से आया हुआ माल हरियाणा, दिल्ली तक आसानी से पहुंचाया जा सकता है, वहीं बलुआ से छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र तक पहुंचाया जा सकता है। माननीय वीरेन्द्र जी ने कहा कि उन जल परिवहन की जटियां बनें।...(व्यवधान) उसके साथ सड़क का भी प्रावधान जरूर किया जाए ताकि वह मार्ग किसी राज्य सरकार का मोहताज न रह जाए। मैं आपके इस क्रान्तिकारी कदम के लिए धन्यवाद देता हूं।...(व्यवधान) आधुनिक भारत में नितिन जयराम गड़करी इनका पूरा नाम है।...(व्यवधान)

श्री प्रह्लाद सिंह पटेल (दमोह) : उपाध्यक्ष महोदय, आपने मुझे बोलने का समय दिया, इसके लिए धन्यवाद। मुझे सिर्फ एक स्पष्टीकरण पूछना है। प्रस्तावित रूट नम्बर 72 जिसमें नर्मदा का उल्लेख किया गया है, वह सबसे लम्बा 637 किलोमीटर का है। उसमें डैम्स ऑफ चेन हैं, बांधों की शृंखला है। वह ऐसी नदी है जो ग्लेशियर से नहीं निकलती। पानी का स्तर कैसे बना रहेगा। आपने उसे होशंगाबाद से लिया है, उसे भेड़ाघाट से लिया जा सकता है। मेरा स्पैसीफिक प्रश्न है कि जहां बांधों की शृंखला है, जो नदी ग्लेशियर से नहीं निकलती, उसके जल के स्तर को कैसे बनाए रखा जा सकता है। मैंने परिक्रमा के दौरान सरदार सरोवर में नाव से परिवहन करते देखा है। इस पर ध्यान देकर जवाब देंगे तो अच्छा होगा।

SHRI P.P. CHAUDHARY (PALI): Sir, it is a visionary Bill of a visionary Minister.

The development of such waterway network will require dredging of the river system to increase the depth causing substantial changes in the river system. Has any study been done to ascertain the environmental impact of such development on the eco-system and the aquatic life of the river? Does such development lead to changes in the flood plains of the river affecting their productivity and agricultural capacity as also productivity of the nation due to such changes?

श्री अश्विनी कुमार चौबे (बक्सर) : उपाध्यक्ष महोदय, मैं माननीय मंत्री श्री नितिन गडकरी जी को बहुत-बहुत बधाई देना चाहता हूं कि उन्होंने जलपरिवहन के बारे में इतना सोचा है, हमारे शास्त्र में लिखा गया है, "गंगा सिन्धुश्च कावेरी, यमुना च सरस्वती, रेवा, महानदी, गोदा ब्रह्ममपुत्रः पुणात्मामा ,आयोध्या मथुरा माया, काशी कांची अवंतिका पुरीद्वारावतिचैव सप्ततेता मोक्षदायिका, हमारे

संसदीय क्षेत्र एवं गृह क्षेत्र से विक्रमशीला- भागलपुर-बक्सर से तक आप जलमार्ग बनाएं, वह श्री विश्वामित्र की तपोभूमि है। भागलपुर एक पौराणिक व्यावसायिक स्थल है।

श्री केशव प्रसाद मौर्य (फूलपुर): मैं माननीय मंत्री जी को अपनी क्षेत्र की जनता की ओर से बहुत-बहुत बधाई देता हूं कि आप इसे इलाहाबाद से शुरू कर रहे हैं। अटल जी का अधूरा सपना माननीय गडकरी जी पूरा कर रहे हैं, उसी दिशा में यह ऐतिहासिक कदम है। जलयान चलाने की प्रक्रिया इलाहाबाद से कब तक शुरू हो जाएगी, जलयान चलाए जाने से देश की जनता और प्रदेश की जनता को बहुत फायदा होगा, इससे रोजगार के अवसर भी बहुत पैदा होंगे, पर्यटन भी बढ़ेगा। जलमार्गों के साथ राष्ट्रीय राजमार्ग भी हैं, जलमार्ग में स्टेशन बन रहे हैं, उन स्टेशनों से राष्ट्रीय राजमार्गों के बीच बहुत ही कम दूरी है उसे भी अपनी योजना में जोड़ने की कृपा करें। इलाहबाद में संगम के स्थान से इस कार्य को जल्द शुरू करने की कार्रवाई शुरू करेंगे इसी विश्वास के साथ मैं इस बिल का समर्थन करता हूँ।

श्री नितिन गडकरी : आदरणीय डिप्यूटी स्पीकर महोदय, मैंने सदन में आज जो आज बिल पूस्तुत किया, उसके समर्थन में माननीय सदस्यों को समर्थन के लिए हृदय से बहुत-बहुत धन्यवाद और अभिवादन करता हूं। देश में 14,000 किलोमीटर का समुद्री किनारा है, और तटीय 13 राज्य हैं, 12 मेजर पोर्ट हैं, मार्च के पहले तीन मेजर पोर्ट का काम हम शुरू करने वाले हैं। देश में पानी के ऊपर जो ट्रांसपोर्ट है, इसके ऊपर जितना ध्यान देना चाहिए था उतना ध्यान नहीं दिया गया। चीन में प्रगति और विकास हुआ, वहां 47औ गुड्स और पैसेंजर्स ट्रैफिक पानी पर निर्भर है, रिवर के बगल में इंडस्ट्री है। जब हम कोई माल तैयार करते हैं, उसमें 30औ लॉजिस्टिक कॉस्ट एड होती है जबकि चीन में 10-12औ है जबकि हम 20औ महंगे हो जाते हैं, इसलिए हम कम्पीट नहीं कर पाते हैं। चीन में 47औ, कोरिया और जापान में कूमश 42औ, 43औ है, आप यूरोपियन देश जैसे इंग्लैंड, फ्रांस, जर्मनी या स्पेन में चले जाएं, वहां इंडस्ट्रीयल एरिया रिवर के बगल में ही है, इसका मुख्य कारण है कि उसकी लॉजिस्टिक कॉस्ट कम हो जाती है इसलिए वहां 40औ गुड्स और पैसंजर्स ट्रैफिक पानी पर है। प्रधानमंत्री जी ने देश के उद्योगपतियों की एक मीटिंग बुलाई थी, एक उद्योगपति ने कहा कि मुंबई से लंदन कोई माल भेजना सस्ता और आसान है, लेकिन मंबई से दिल्ली सामान भेजना महंगा और कठिन है। हमारे देश के विकास के लिए मेक इन इंडिया का सपना लॉजिस्टिक कॉस्ट कम किए बिना पूरा नहीं हो सकता। हम जलमार्ग के कार्यक्रम को प्राथमिकता दे रहे हैं।

पहली बात तो मैं आपको स्पष्ट रूप से बताना चाहूंगा कि जल मार्ग में हम सभी राज्य सरकारों के सहयोग से काम करना चाहते हैं। अगर कोई राज्य सरकार कहती है कि हमारे यहां नहीं करना है, तो हम नहीं करेंगे। ...(व्यवधान) मैं आपसे पहली बात यह कहूंगा कि उनके सहयोग से ही हम करेंगे। इसमें बहुत से कन्फ्यूजन्स हैं। मेरे मन में भी बहुत से कन्फ्यूजन्स थे, लेकिन पिछले डेढ़ साल से वर्ल्ड बैंक गंगा के ऊपर काम कर रही है। उसके कारण वर्ल्ड के सभी टेक्नोलॉजी के बड़े-बड़े लोग मुझसे मिलकर गये और उन्होंने मेरे सामने अपना प्रैजेंटेशन दिया। पहली बात यह है कि हम लोग सभी नदियों में साल भर ढाई से तीन मीटर का ड्राफ्ट मेनटेन करने वाले हैं। अब आप मुझसे पूछेंगे कि यह कैसे मेनटेन होगा? मैं गंगा के बारे में क्लीयर कर दूं, क्योंकि हमारे यहां कोई काम नहीं होता, तो चर्चा नहीं होती लेकिन काम होता है, तो फिर विवाद खड़े हो जाते हैं। इलाहाबाद से हल्दिया तक 1620 किलोमीटर हम गंगा में काम कर रहे हैं। आप सब लोगों ने मुझसे बहुत जानकारी पूछी है। यह हमारा पहला पायलट प्रोजेक्ट है और इसके कारण हमें बहुत कुछ सीखने को मिला है। गंगा में जो ड्राफ्ट है, मनोज सिन्हा जी के गाजीपुर से लेकर हल्दिया तक तीन मीटर ड्राफ्ट है और गाजीपुर से वाराणसी तक थोड़ा कम है। वाराणसी से इलाहाबाद थोड़ा कठिन है और इलाहाबाद से कानपुर और कठिन है। कानपुर से आगे आने में और भी कठिन है, लेकिन हमारा प्रयास है कि पूरा काम करना है। इसलिए जहां फरक्का का ब्रिज है, वहां हम एक स्पेशल वाटर गेट बना रहे हैं। मैं इसके बारे में भी आपको जानकारी दूंगा। तीन इंटरनैशनल कंसल्टेंट्स ने अपनी रिपोर्ट सबमिट की है। अब हमारे साथ 35 इंटरनैशनल कंसल्टेंट्स काम कर रहे हैं और यह हमारे देश में नहीं हुआ है। जैसे आपने इंग्लैंड में थेम्स नदी देखी होगी। कुछ नीदरलैंड के हैं, कुछ हालैंड के हैं। उनके सहयोग से हम यह काम कर रहे हैं क्योंकि हमारे देश में इसका एक्सपर्टीज ऐवेलेबल नहीं है। इसमें टेक्नो इकोनॉमिक फिजिबिलिटी, इन्वायरनमैंट एंड सोशल प्लान एंड कार्गो एंड बिजनेस पोटेंशियल, इन तीन विषयों पर हमने उनको अध्ययन करने के लिए बताया था।

